




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14, अंक - 09 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 21 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर



### जज से मुलाकात के आरोप पर बोले सीएम भूपेश, 'सॉलिसिटर जनरल पद पर बैठा व्यक्ति झूठ बोले दुर्भाग्यजनक'

**रायपुर।** नान (नागरिक आपूर्ति निगम) घोटाले में हाईकोर्ट जज से मुलाकात के सॉलीसिटर जनरल के आरोप पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि सॉलिसिटर जनरल जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठा व्यक्ति राजनीतिक उद्देश्यों से झूठे और शरारत पूर्ण आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि, मैंने कभी किसी जज से मिलकर किसी भी अभियुक्त के लिए किसी भी प्रकार का फेवर करने का अनुरोध नहीं किया।

#### राजनीतिक छवि खराब करने का षड्यंत्र

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे लेकर ट्वीट भी किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि यह उनकी राजनीतिक छवि खराब करने का षड्यंत्र है। वहीं न्याय पालिका पर भी दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका समुचित प्रतिकार किया जाएगा। एक दिन पहले भी ईडी के आरोपों पर छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में बताया गया था कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कभी किसी हाई कोर्ट के न्यायाधीश से मुलाकात नहीं की है। इसके बाद अब मुख्यमंत्री की ओर से भी सोशल मीडिया पर कमेंट किया गया।

# दिनदहाड़े व्यापारी पर बरसाई 6 गोलियां और लूटा 40 लाख से ज्यादा का सोना

- पांच दिनों तक रैकी कर घटना को दिया अंजाम
- बाइक और कार के सहारे चार लोगों ने मिलकर दिया घटना को अंजाम, आखिरी बार बिलासपुर टोल में देखे गए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के आखिरी गांव अमलेश्वर में ग्राहक बनकर पहुंचे दो युवाओं ने सराफा व्यापारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी और दुकान से करीब 40 लाख रुपए से ज्यादा का सोना लेकर फरार हो गए। घटना गुरुवार दोपहर एक से डेढ़ बजे के बीच की है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को आरोपियों के चेहरे भी नजर आए और सीसीटीवी में कैद पूरी घटना को देख पुलिस ने जांच तेज कर दी। देर रात तक दो संदेहियों को भी पुलिस ने खोज निकाला। पुलिस के मुताबिक आरोपी प्रोफेशनल शूटर थे और उसने मात्र 8 मिनट में ही घटना को अंजाम दे दिया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों में एक बदमाश दिव्यांग था और उसका आधा हाथ भी कटा हुआ था। उसी ने व्यापारी पर सबसे पहले गोली चलाई। इससे बाद दूसरा आरोपी काउंटर से कूदकर व्यापारी के सामने पहुंचा औरउस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। पुलिस ने देर रात दो संदेहियों की पहचान कर उसके फोटो भी जारी किए हैं।



#### जल्द होंगे पुलिस की गिरफ्त में



अमलेश्वर के तिरंगा चौक पर स्थित समृद्धि ज्वेलर्स के संचालक की दुकान में घुसर गोली मारकर हत्या कर लूट करने वाले आरोपियों में से दो संदिग्ध की पहचान कर ली गई है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**- डॉ अभिषेक पल्लव, एसपी दुर्ग**





#### अकेले देख घुसे थे

आरोपी उस वक्त दुकान में घुसे थे जब व्यापारी सुरेन्द्र दुकान में अकेले थे। जब आरोपी सुरेन्द्र के साथ मारपीट कर रहे थे तब एक सफाई कर्मी भी दुकान के बाहर पहुंचा था,लेकिन आरोपियों ने उसे बाहर से ही रवाना कर दिया था। सीसीटीवी फुटेज को जब खंगाला गया तो घटना के बाद आरोपी अमलेश्वर थाने के सामने से होते हुए खुरमुड़ा रोड़ के जरिए रायपुर की ओर भागे।

#### घंटे भर में ही पहुंचे अधिकारी

घटना की खबर लगते ही घंटे भर में ही पुलिस के आधा अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और तत्काल टीम गठित कर जांच शुरू कर दी। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने स्वयं घटना स्थल और सीसीटीवी फुटेज को देखा और देर तक वहां रहकर सारे साक्ष्यों को बारीकी से देखा।

#### सेजबहार के पास छोड़ी बाइक

पुलिस ने सेजबहार के पास घटना में उपयोग की गई बाइक को भी बरामद कर लिया है। यह बाइक झारखंड की थी। जांच में पता चला है कि घटना के दौरान सौरभ नाम का युवक मौजूद था। उसके साथ तीन अन्य आरोपी पिछले पांच दिन से आरंग में रह रहहे थे और यहां रैकी भी की थी। इधर बाइक छोड़कर आरोपी एक कार में बिलासपुर की ओर आगे बढ़े। बिलासपुर टोल पर उनकी गाड़ी भी क्रास हुई है।



## पुलिस स्मृति दिवसः सालभर अपराध से लड़ने वाले जांबाजों की आंखें भी आज हो गई नम, शहीदों को याद कर दी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सालभर हम अपराध से लड़ते हैं, लेकिन आज के दिन हम अपने आंसुओं से लड़ते हैं, क्योंकि पुलिस स्मृति दिवस उन 36 हजार से ज्यादा जांबाज शहीदों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान दे दी। कुछ ऐसी ही अपनों की यादों के साथ शहीदों के परिजनों ने अपनों को याद कर आंसू बहाए। पुलिस स्मृति दिवस पर नेहरू नगर स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई की प्रथम वाहिनी सहित शहर में स्थित अर्द्धसैनिक बलों के मुख्यालयों में भी पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

शुक्रवार को अमर शहीदों की याद में सुबह प्रथम वाहिनी में मुख्य अतिथि आईजी बद्रीनारायण मीणा ने इस वर्ष देशभर में 264 शहीद जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा, सेनानी प्रथम वाहिनी, सेनानी 7 वीं वाहिनी सहित दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव, प्रशिक्षु आईपीएस सहित कई पुलिस अधिकारी, सांसद विजय बघेल, विधायक अरूण वोरा मौजूद थे। इस मौके पर आईजी मीणा ने इस वर्ष भारत भर में शहीद 264 पुलिस कर्मियो की नामावली सूची का वाचन भी किया।



#### भीगी पलकें

इस मौके पर शहीद परिवार ने भी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कई चेहरे आंसुओं से भीग गए। किसी ने बेटे तो किसी ने पति तो कई ने अपने पिता को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर आईजी मीणा सहित पुलिस अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों का सम्मान कर उनकी समस्या को भी जाना।



# श्वेता की छोटी सी मदद से मिली चरण को नई जिंदगी

### ऑटोचालक की पत्नी की फ्री में हुई हार्ट सर्जरी, मदद के लिए आगे आए विधायक देवेन्द्र यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खुर्सीपार की रहने वाली चरण कौर के हार्ट में चार से ज्यादा ब्लॉकेज थे। जब डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए कहा तो उनके होश उड़ गए, क्योंकि ऑटो ड्राइवर पति और प्राइवेट नौकरी कर रहे बेटे के पास इतने रुपए नहीं थे कि अपना ऑपरेशन करा सकें। इसी बीच पडोस की एक भाभी उन्हें सेक्टर 4 निवासी श्वेता मिश्रा के पास लेकर आई और प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव श्वेता मिश्रा की मदद से उसे नई जिंदगी मिल गई। न सिर्फ उसकी हार्ट सर्जरी हुई बल्कि भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने उनकी दवा का खर्च उठाने की जिम्मेदारी भी ली है।

#### फेमिली डॉक्टर ने की मदद

श्वेता ने बताया कि चरण कौर जब उनके पास आई तो सबसे पहले उन्होंने अपने फैमिली डॉक्टर डॉ सुधीर गांगेय से जब चरण कौर की बीमारी के बारे में बताया तो उन्होंने तुरंत ही बालाजी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ देवेश नायक से बात की और उन्हें इलाज के लिए कहा। उन्होंने भी बिना कोई शुल्क लिए ऑपरेशन के लिए हामी भर दी।

#### काम आ गई दुआ

श्वेता ने बताया कि ऑपरेशन के बाद चरण कौर की हालत नाजुक हो गई थी। वेटिंलेटर में जाने के बाद जिस तरह से डॉक्टर ने हौलसा बढ़ाया उसके बाद उन्होंने भी चरण कौर के लिए दुआ की। उनके लिए की दुआ काम आ गई और वे पूरी तरह से ठीक हो गई।

# अब नही होगी किसी जरूरतमंदों की दीवाली फीकी

श्रीकंचनप न्यूज

भिलाई। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग द्वारा दिनांक 19 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक दुर्ग जिले के अलग अलग स्थान जिसमें वृद्धाआश्रम, अनाथ हॉस्पिटल बालआश्रम, मंदबुद्धि स्कूल, दुर्ग स्टेशन, समृद्धि बाजार के पास, बस स्टैंड एवं शहर के अन्य स्थानों में जीवन यापन कर रहे गरीब, असहाय, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे जिनके पास



या तो घर नही है या फिर भीख मांगकर फुटपाथ में रह रहे है सभी महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को नये कपड़े, मिष्ठान, नमकीन, रंगीन फटाखे, का वितरण करके खुशियों की दीपवाली सप्ताह बनाया जा रहा है,

देश में गरीब बच्चों का मन भी दीवाली में पटाखे जलाकर मिठाई खाने का होता है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण ऐसे घरों के बच्चे अपना मन मार कर रह जाते हैं. अब से पहले आसमान में छूटने वाले पटाखों को देखकर ही गरीब बच्चे खुश हो जाते थे. लेकिन इस बार दुर्ग जिले में जन समर्पण सेवा संस्था, ऐसे गरीब बच्चों एवं बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने के लिए उनकी बस्ती, फुटपात, आश्रम, और मोहल्ले तक पहुँच रही है, संस्था द्वारा इस वर्ष की दीपावली पर्व पर जरूरतमंदों की खुशियों की दीपवाली सप्ताह बना रही है, जिसमें दिनाँक 19 से 23 अक्टूबर तक जिले के गरीब बच्चों एवं जरूरतमंदों को नया कपड़े, पटाखे, मिठाई, नमकीन, साबुन, निरमा, बिस्किट, चॉकलेट का वितरण किया जा रहा हैं. पटाखे और मिठाई पाकर ये बच्चे एवं जरूरतमंद लोग गदगद हो रहे है

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की दीपावली फीकी नहीं हो, वो भी नया कपड़ा पहनकर, फटाखे जलाये और उनका मुँह मीठा हो, जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग ने इसका बीड़ा उठाया है।



### अरुणाचल में सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश, घटनास्थल पर जाने के लिए सड़क तक नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हुआ है। यहां के टूटिंग मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर सियांग जिले के सिंगिंग गांव के पास सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा पीआरओ की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, जिस जगह पर यह हादसा हुआ है, वहां तक जाने के लिए सड़क मार्ग भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बचाव अभियान चलाने में भी परेशानी आ रही है। हालांकि, घटनास्थल पर बचाव दल को भेजा गया है।






# सरकार किसी की भी हो, काम तो ऐसे ही होता है

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

हसदेव के जंगलों की कटाई, कुछ समय के लिए ही सही, पर अंततः रुक गई है. यह रोक सुप्रीम कोर्ट ने लगाई है. केन्द्र सरकार और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने सुप्रीम को आश्वस्त किया है कि मामले की सुनवाई होने तक वे इस अंचल में कोई पेड़ नहीं काटेंगे. इससे पहले उन्होंने पुलिस के साये में यहां बलपूर्वक पेड़ों को काटा. कटाई का विरोध कर रहे दर्जनों आदिवासियों को गिरफ्तार कर लिया गया. विरोध करने वाली हर आवाज को बलपूर्वक दबा दिया गया. यह तमाशा तब हुआ जब इस अंचल के जंगलों को मध्यभारत का फेफड़ा कहा जाता है. इन जंगलों को बचाने की कोशिश करने वालों का स्वार्थ बस इतना था कि वे जैव विविधता को सुरक्षित रखना चाहते थे. यहां रह रहे वन्यप्राणियों की सुरक्षा चाहते थे. खुद अपना घर और आजीविका का संरक्षण चाहते थे. पर जैसा कि होता है, देश की जरूरतों के आगे ये मुद्दे बहुत छोटे होते हैं. देश को बिजली चाहिए. शहरों को बिजली चाहिए. बिजली के लिए कोयला चाहिए. कोयला इन जंगलों के नीचे है. परसा से लेकर केते बासन इलाके तक फैले सैकड़ों हेक्टेयर जंगलों के नीचे कोयला है. कोयले का यह ब्लाक राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को आवंटित किया गया है. पेड़ काटने और कोयला निकालने के लिए विद्युत उत्पादन निगम ने अडानी के साथ समझौता किया है. अडानी कंपनी यहां पेड़ों की कटाई और उत्खनन कर रही है. सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में ऐसी किसी व्यवस्था को गैरकानूनी करार दिया था. पर ऐसा फिर से हुआ. उसकी नाक के नीचे हुआ. डंके की चोट पर हुआ. कानूनविद कागजों पर लड़ाई लड़ते रहे और सैकड़ों साल पुराने साल के वृक्षों को मशीनों की मदद से चुटकियों में धराशायी कर दिया गया. 43 हेक्टेयर वन क्षेत्र को सपाट मैदान बना दिया गया. यह कोल ब्लाक 2011 में आवंटित किया गया था. केन्द्र की वन सलाहकार समिति ने इसे निरस्त करने की सिफारिश की थी. पर 2012 में क्लीयरेंस दे दिया गया और 2013 में इस ब्लॉक में कोयले का उत्पादन शुरू हो गया. न तो वन सलाहकार समिति कुछ कर पाई और न ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल. पर्यावरण की सुरक्षा पर केवल भाषणबाजी, पोस्टर प्रतियोगिता, शोध और संगोष्ठी ही होती रही. जो लोग जमीन पर जंगल बचाने के लिए लड़ रहे थे, उनका साथ देने के लिए कोई आगे नहीं आया. बता दें कि मौजूदा कटाई 27 सितम्बर को शुरू की गई और 15 अक्टूबर तक, अर्थात 18 दिन में 43 हेक्टेयर जंगल साफहो गया. इससे विनाश की रफ्तार का अंदाजा लगाया जा सकता है. सौर ऊर्जा से परिपूर्ण इस देश में सोलर पैनल नहीं लगाए जा सकते, विज्ञान और प्रगति की लंबी-लंबी छोड़ने के बावजूद न्यूक्लियर पावर प्लांट नहीं लगाए जा सकते. प्रकृति द्वारा दी गई, बाप दादा द्वारा सहेजी गई संपत्ति को बेचकर फुटानी मारना हमारी फितरत में शामिल हो गई है.




## संपादकीय

# रेल सेवा की चिंता

कोरोना महामारी के समय रेल सेवा पूरी तरह बाधित हुई थी और उसके बाद अभी तक पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। एक ओर, जहां रेल का किराया प्रीमियम के नाम पर काफी बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर, 20 अक्तूबर को एकबारगी 138 ट्रेनों को पूरी तरह से और 37 को कई क्षेत्रों में आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया। कारणों में रखरखाव को भी गिनाया गया है, लेकिन एक ही बार में इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों को रद्द करना क्या उचित है? देश त्योहारों के समय से गुजर रहा है, रेल सेवाओं पर असंख्य लोग निर्भर होंगे, ताकि अपने घर या काम की जगह पहुंच सकें। दिवाली को जब दो-तीन दिन ही रह गए हैं, तब रेलों को रद्द करना अव्यावहारिक ही नहीं, अमानवीय भी है। रेलपथ के रखरखाव का काम तो कुछ दिन पहले भी हो सकता था। दिवाली या छठ जैसे पर्व-त्योहारों के ठीक पहले ट्रेनों को रबहरहाल, रेलवे को अपनी नीतियों और फैसलों को स्थिर रखने की जरूरत है। किराये का जो अनुपात है, उसमें बहुत अंतर है। किसी ट्रेन में किराया अगर हजार रुपये है, तो उतनी ही दूरी का किराया किसी अन्य ट्रेन में दो से तीन गुना ज्यादा भी हो सकता है। यहां तक कि एक ही ट्रेन में अगल-बगल बर्थ वाले यात्रियों के बीच भी किराये में बड़ा अंतर हो सकता है। यह यात्रियों को सुविधा देने की व्यवस्था है या ज्यादा से ज्यादा कमाई का तरीका? आखिर क्या है डायनामिक फेयर सिस्टम, जिसकी शुरुआत सितंबर 2016 में रेलवे ने की थी? डायनामिक फेयर सिस्टम शताब्दी, राजधानी और दुरंतो जैसी 150 से ज्यादा प्रीमियम गाड़ियों पर लागू होता है। इन गाड़ियों में समय के साथ किराया बदलता रहता है। किराये की इस व्यवस्था की तार्किकता को समझना आम यात्रियों के लिए भी आसान नहीं है, लेकिन आम यात्री यह जानने लगे हैं कि अब अलग-अलग किराया वसूली हो रही है। देश में अन्य कोई ऐसी जरूरी सेवा नहीं है, जिसके लिए शुल्क ऐसे चुकाना पड़ता हो। रेलवे की कमाई की शैली में जमाखोरी और कालाबाजारी जैसे तत्व भी वैध स्वरूप में वर्षों से प्रचलन में हैं। क्या सरकार इसी तरह से असमान किराया वसूलने की इजाजत अन्य सेवाओं के लिए भी दे सकती है? हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि रेलवे के निजीकरण के बाद जो सब होना है, वह सब रेलवे विभाग पहले से ही करने लगा है ।ठीक इसी तरह से ट्रेन में मिलने वाली सुविधाएं भी असमान हैं और कई बार पूरा पैसा चुकाने के बाद भी बुनियादी सेवा मिलने की गारंटी नहीं होती। पुरानी बॉगी और नई बॉगी के बीच भी सुविधा-सहूलियत में अंतर यात्रियों को चुभता है। खान-पान सेवा में चमक-दमक तो बढ़ रही है, लेकिन यह सेवा बुनियादी रूप से गुणवत्ता और विश्वसनीयता के स्तर पर अपनी साख लगातार गंवा रही है। शिकायत करने के बावजूद यथोचित सुनवाई का अभाव खलने लगा है। जिन देशों में अच्छी और जवाबदेह रेल सेवा है, उनसे क्या हम कुछ सीख रहे हैं? गाड़ियों की गति बढ़ रही है, तो इसका अर्थ यह नहीं कि प्रीमियम स्तर की गाड़ियों की तादाद बढ़ती जाए और सामान्य सवारी गाड़ियों का टोटा पड़ने लगे। कोई आश्चर्य नहीं, अधिक किराये की वजह से प्रीमियम गाड़ियों में पंद्रह प्रतिशत सीटें खाली रह जाती हैं और सामान्य गाड़ियां खचाखच होकर चलती हैं। रेलवे को कमाई का नहीं, आम लोगों की सुविधा का साधन बनना चाहिए।

> “ क्या सरकार इसी तरह से असमान किराया वसूलने की इजाजत अन्य सेवाओं के लिए भी दे सकती है? हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि रेलवे के निजीकरण के बाद जो सब होना है, वह सब रेलवे विभाग पहले से ही करने लगा है। ठीक इसी तरह से टेन में मिलने वाली सुविधाएं भी असमान हैं और कई बार पूरा पैसा चुकाने के बाद भी बुनियादी सेवा मिलने की गारंटी नहीं होती।

## अटल सत्य से साक्षात्कार

एक व्यक्ति एक महान संत के पास आया करता था। वह उनसे हमेशा पूछता, ‘श्रीमान! एक चीज मुझे उलझन में डाल देती है। आप इतने अधिक निर्दोष और पवित्र हैं, पर यह कैसे संभव है? मेरे मन में संदेह है कि आप ऐसा होने का बहाना करते हो। इस भ्रष्ट संसार में कोई इतना अधिक निर्दोष, इतना पवित्र और ब्रह्मचारी कैसे रह सकता है? हो सकता है कि आप अपने अंतर में ये सारी चीजें अभी भी साथ लिए हों, और बाहर परिधि पर सभी कुछ संभालकर रखा हो। एक दिन वह व्यक्ति फिर आया। उसने फिर वही बातें कहनी शुरू की, तब सद्गुरु ने उससे कहा, ‘सुनो, इस बारे में कुछ जरूरी बात मैं तुम्हें बताना चाहता हूं। जरा अपना हाथ दिखाओ?’ सद्गुरु ने उसका हाथ देखा और रोना शुरू कर दिया। उस व्यक्ति चौंककर पूछा, ‘आखिर आप रो क्यों रहे हैं? मैंने आपको कभी रोते हुए नहीं देखा।’ सद्गुरु ने कहा, ‘मैं इसीलिए रो रहा हूं, क्योंकि तुम्हारे लिए केवल सात दिन बचे हैं। अगले रविवार को तुम मर जाओगे। हां! तुम मुझसे कुछ पूछना चाहते थे?’ सद्गुरु का लोग इतना अधिक सम्मान करते थे कि इस बारे में संदेह करने का कोई कारण ही न था कि वह झूठ बोलेंगे। वह व्यक्ति भागता हुआ घर गया। वहां जाकर बिस्तर से लग गया। वह प्रतिदिन जैसे डूबता जा रहा था। उसने भोजन करना बंद कर दिया, उसकी नींद भी उड़ गई थी। उसके नाते-रिश्तेदार एकत्र हो गए थे। सातवें दिन सभी उसकी मृत्यु की प्रतीक्षा कर रहे थे, क्योंकि सद्गुरु ने कहा था कि जैसे ही सूर्य डूबेगा, वह मर जाएगा। सूर्य नीचे आता जा रहा था और उसके मित्र, संबंधी, पत्नी और बच्चे रोए चले जा रहे थे। तभी सद्गुरु आया और उसने उस व्यक्ति से कहा, ‘मैं तुमसे एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। क्या इन सात दिनों में तुमने कोई ऐसा काम किया, जिसे तुम पाप, गंदा या भ्रष्ट होना कहो? क्या ऐसा सांसारिक विचार इन दिनों तुम्हारे मन में आया?’

> “ अगर राज्य सरकारों के खाली पदों को जोड़ा जाए, तो यह संख्या 90 लाख के करीब पहुंचती है। इन राज्यों में गैर-भाजपा सरकारें भी शामिल हैं। राजस्थान में बेरोजगारी दर 24 फीसद है, हरियाणा में 23 फीसद, झारखंड में 12 और बिहार में 11 फीसद है, जबकि राष्ट्रीय औसत 6.4 फीसद है। भारत में चार तरह की बेरोजगारी है।

# पुख्ता समाधान बनाम चुनावी रेवड़ी

विजय विद्रोही, वरिष्ठ पत्रकार




हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर हुए एक सर्वेक्षण में बताया गया है कि 49 फीसद मतदाता बेरोजगारी को सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा मानते हैं, लेकिन यही सर्वे यह भी बताता है कि 46 फीसद मतदाता भाजपा को ही वोट देना चाहते हैं। ध्यान रहे, भाजपा हिमाचल प्रदेश में पांच साल से और केंद्र में आठ साल से सत्ता में है। इसी तरह गुजरात में हुए एक सर्वे के अनुसार, 23 फीसद मतदाता बेरोजगारी और 44 फीसद मतदाता महंगाई को मुख्य मुद्दा मानते हैं, लेकिन 48 फीसद उस भाजपा को ही वोट देना चाहते हैं, जिसकी गुजरात में 27 साल से और केंद्र में आठ साल से सरकार है। इसका मतलब क्या निकाला जाए? अगर कोई राजनीतिक दल चुनाव जीत लेता है, तो क्या बेरोजगारी-महंगाई जैसे मुद्दे जुमला हो जाते हैं, मुद्दे नहीं रहते हैं। अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे समझ रहे हैं। भाजपा को जिताना है और बेरोजगारी पर जीत हासिल करनी है। आखिर बेरोजगारी कैसे और किस हद तक दूर हो सकती है? महंगाई भी बेरोजगारी को बढ़ाती है, इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

भूखे पेट का बेरोजगारी से नाता है, बेरोजगारी का नौकरी से रिश्ता है। केंद्र सरकार के पास करीब दस लाख पद खाली हैं। इन पदों को भरने का काम चल रहा है। केंद्र सरकार की नौकरियों के 41 लाख पद स्वीकृत हैं, इसमें 31 लाख ही भरे हुए हैं। अदालतों में पद खाली हैं और चार करोड़ मुकदमों का निपटारा होना बाकी है। पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य में लाखों की संख्या में पद खाली हैं। इन खाली पदों से सरकार का काम प्रभावित हो रहा है। दुनिया के बड़े देशों से तुलना करें, तो जनसंख्या के अनुपात में सरकारी नौकरियों की तादाद भारत में सबसे कम है। सरकार के साथ-साथ सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यबल घटा है। साल 2018-19 में 16.2 लाख कर्मचारी थे, अब 12.6 लाख पर आ गए हैं। अगर राज्य सरकारों के खाली पदों को जोड़ा जाए, तो यह संख्या 90 लाख के करीब पहुंचती है। इन राज्यों में गैर-भाजपा सरकारें भी शामिल हैं। राजस्थान में बेरोजगारी दर 24 फीसद है, हरियाणा में 23 फीसद, झारखंड में 12 और बिहार में 11 फीसद है, जबकि राष्ट्रीय औसत 6.4 फीसद है। भारत में चार तरह की बेरोजगारी है। एक, रोजगार कार्यालय में पंजीकरण के हिसाब से साढ़े छह फीसद लोग (उम्र 15 से 64 साल) बेरोजगार हैं, इसके अलावा अर्ध-बेरोजगार हैं, जिनका नाम दर्ज नहीं है। तीसरे नंबर पर कृषि क्षेत्र के बेरोजगार हैं, जो सूखे खाली खेत में रोज सुबह से शाम तक ठाले बैठे रहते हैं। चौथे नंबर पर मनरेगा जैसी योजनाओं में मजदूरी कर जैसे-तैसे पेट पाल रहे बेरोजगार हैं। अब सवाल उठता है कि बेरोजगारी किस तरह दूर की जा सकती है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरुण कुमार ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट सामने रखी है, उनके अनुसार, देश में इस समय 27 करोड़ 80 लाख लोगों को काम की जरूरत है, इनमें से मनरेगा के छह करोड़ मजदूरों को अलग कर दिया जाए, तो 21 करोड़ 80 लाख लोगों को तत्काल काम की जरूरत है। यह आंकड़ा डरावना है, लेकिन रिपोर्ट विश्वास पैदा करती है।


रिपोर्ट में बताया गया है कि 21 करोड़ 80 लाख लोगों को 13.50 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रोजगार दिया जा सकता है। यह रकम भारत की कुल जीडीपी का महज पांच फीसद है। अगर अगले पांच साल तक यह राशि हर वर्ष जुटाई गई, तो भी यह जीडीपी में हर साल एक अंक का इजाफा करेगी। सवाल उठता है कि यह पैसा कहां से जुटाया जाएगा और कहां, कैसे खपाया जाएगा। इस पर कहा गया है कि चूंकि भारत सरकार अकेले अपने दम पर इतने रोजगार नहीं दे सकती, लिहाजा प्राइवेट सेक्टर (निजी क्षेत्र) और पब्लिक सेक्टर (सार्वजनिक क्षेत्र) का सहारा लिया जा सकता है। आयकर जैसे प्रत्यक्ष करों में बढ़ोतरी और जीएसटी जैसे परोक्ष करों में कमी की जानी चाहिए। कम से कम देश के उन एक फीसद अमीरों पर तो ज्यादा कर लगाया ही जा सकता है, जिनके पास देश की कुल संपत्ति का पांचवा हिस्सा है। वैसे भी भारत में जीडीपी का 17 फीसद ही प्रत्यक्ष कर से आता है, जबकि दुनिया के बहुत से विकसित और विकासशील देशों में यह राशि 40 फीसद तक है। यह पैसा ग्यारह सेक्टर में लगाया जा सकता है और 21 करोड़ लोगों को रोजगार दिया जा सकता है, इसमें निर्माण, सेवा, कृषि, स्वास्थ्य सेक्टर शामिल है। देश में एमएसएमई की इकाइयों में से 97.5 फीसद संख्या माइक्रो इकाइयों की है, इसके तहत छह करोड़ यूनिट आती हैं और हर यूनिट में 1.7 लोगों को औसत रूप से रोजगार मिलता है। अब कहानी यह है कि भारत सरकार एमएसएमई के लिए जितनी भी रियायतों की घोषणा करती है, उसका अधिकांश हिस्सा बड़ी इकाइयों के खाते में चला जाता है और सूक्ष्म इकाइयां तरसती रह जाती हैं। यहां चीन से सबक लेने की जरूरत है, जिसने माइक्रो सेक्टर को प्रशिक्षण दिया, तकनीक दी, पूंजी दी और उत्पाद बेचने के लिए बाजार तलाशे, इस कारण वहां का माइक्रो सेक्टर उत्पादन, खपत और मुनाफे के क्षेत्र में 30 फीसद बढ़ा। सरकार को सुझाया गया है कि उसे माइक्रो को स्मॉल, मीडियम यूनिट से अलग कर देना चाहिए। यह क्षेत्र करीब छह करोड़ लोगों को रोजगार देने की क्षमता रखता है। हो सकता है कि तनख्वाह बहुत अच्छी नहीं मिले, लेकिन इतना पैसा तो मिल ही जाएगा कि जिंदगी ठीक से कट जाए।

ई-कॉमर्स और ऑनलाइन शॉपिंग के युग में माइक्रो उद्योगों को घाटा हो रहा है। सरकारी खरीद में इनके सामान की खरीद को जरूरी तो किया गया है, लेकिन क्या कुछ क्षेत्रों में इसे अनिवार्य नहीं किया जा सकता। इसी तरह किसानों की फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने से किसान खेती और गांव छोड़ने को मजबूर नहीं होंगे, बेरोजगारों की संख्या नहीं बढ़ेगी। इसके अलावा काले धन पर रोक लगाने से जीडीपी में छह फीसद की बढ़ोतरी संभव है। हाल ही में रिजर्व बैंक ने ही बताया है कि पांच सौ और दो हजार रुपये के नौ करोड़ नोट बाजार से गायब हैं, मतलब काले धन का हिस्सा बन गए हैं। सवाल उठता है कि क्या चुनावी साल में इन गंभीर सवालों पर चर्चा होगी या रेवड़ी बांटकर ही चुनाव जीते-हारे जाएंगे?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# दो तरफा सामरिक चुनौतियों से टकराती बड़ी ताकतें

मोहन कुमार, पूर्व राजनयिक



चूंकि पुरानी उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अनजानी बहुध्रुवीय व्यवस्था की राह तैयार करती है, इसलिए प्रमुख व मध्यम ताकतें असहज करने वाली रणनीतिक चुनौतियों का सामना करती हैं। मौजूदा परिदृश्य में ज्यादातर शक्तियों को दो मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिस कारण उनके संसाधनों पर दबाव पड़ता है। यदि हम तीन प्रमुख ताकतें- अमेरिका, रूस और चीन- के साथ-साथ यूरोपीय संघ व भारत का विश्लेषण करें, तो तस्वीर ज्यादा स्पष्ट हो जाती है।

एक-ध्रुवीय ताकत का दौर भले बीत गया हो, लेकिन अमेरिका के पास अब भी वैश्विक रणनीतिक परिदृश्य को निर्धारित करने के साधन हैं। फिर भी, यूक्रेन युद्ध में उसे दो मोर्चों पर जूझना पड़ रहा है- रूस के रूप में तात्कालिक रणनीतिक चुनौती, जिसने यूक्रेन पर हमला करके यूरोपीय देशों के सुरक्षा तंत्र को प्रभावित किया है। और, दूसरा मोर्चा चीन से जुड़ा है, जो अमेरिका की प्रमुख रणनीतिक चुनौती है। बीजिंग न केवल एशिया (ताइवान) में, बल्कि अन्य जगहों (दक्षिण/पूर्वी चीन सागर) पर भी अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचाने के लिए सब कुछ कर रहा है। जरूरत (अफगानिस्तान) व चयन (इराक) के युद्धों में भाग लेने के बाद अमेरिका ने संभवतः ‘सामरिक अति-विस्तार’ के सबक सीख लिए होंगे। ऐसे में, इन दोनों मोर्चों का सामना करने के लिए उसे अपने मित्र राष्ट्रों और सहयोगियों की मदद की दरकार होगी।चीन के लिए मुख्य रणनीतिक खतरा अमेरिका है, पर एशिया में भी उसे चुनौती मिल रही है, खासतौर से भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया से। चल रही पार्टी कांग्रेस में भी यह साफ किया गया है कि बीजिंग ‘एक आधिपत्य वाले एशिया’ में विश्वास करता है, जबकि इस खित्ते के अन्य देश नियम-आधारित, बहुध्रुवीय एशिया में। चीन पर ‘रणनीतिक अति-विस्तार’ का आरोप आसानी से लग सकता है। इसके अलावा, वह अर्थव्यवस्था से जुड़ी घरेलू चुनौतियों, शून्य-कोविड नीति के नुकसान, जनसंख्या-वृद्धि की घटती दर, और मध्यम-आय वाले देश में शुमार होने की आंशका से जूझता दिख रहा है। चीन अपनी इन दोनों चुनौतियों से कैसे निपटता है, यह विश्व व्यवस्था की रूपरेखा तय कर सकता है।

रूस ने दोतरफा चुनौतियों से बचने के लिए चीन के साथ ‘नो-लिमिट्स रिलेशनशिप’ (सहयोग का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जो अछूता या छिपा हो) संबंधी संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर जरूर किए हैं, लेकिन मॉस्को अब खुद दो मोर्चों पर जूझ रहा है। एक, अमेरिकी से जुड़ा है, जहां जुबानी जंग आसन्न परमाणु जंग के खतरे में बदलती दिख रही है। और दूसरा, फिनलैंड और स्वीडन का नाटो में शामिल होने का फैसला। यदि फिनलैंड को स्वीकृति मिल जाती है, तो निश्चय ही इसकी 1,340 किलोमीटर की सीमा रूस के साथ नाटो की सबसे लंबी सीमा बन जाएगी। यूरोप यूक्रेन-संघर्ष से स्तब्ध है। इसने यूरोप के सुरक्षा ढांचे को प्रभावित किया है। न सिर्फ यूक्रेन, बल्कि यूरोप के कई देशों के अस्तित्व के लिए भी रूस खतरा बनकर उभरा है। रूसी हमले ने यहां ऊर्जा सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ा दी हैं। साथ ही, चीन के बारे में यूरोप का ‘अति-उत्साही नजरिया’ विशेषकर आर्थिक क्षेत्र में गलत साबित हुआ है। इस प्रकार, चीन और रूस की ‘नो-लिमिट्स’ दोस्ती अमेरिका व यूरोपीय संघ के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। अब बात भारत की। पाकिस्तान भले ही पहला रणनीतिक खतरा नहीं रह गया है, पर नई दिल्ली के लिए यह एक बड़ी सुरक्षा चुनौती है। अब भारत के लिए चीन सबसे बड़ा खतरा है, और यह आशा करना बड़ी उम्मीद पालने जैसा है कि हालात फिर से पुरानी स्थिति में वापस लौट आएंगे। चूंकि भारत चीन की तरह ताकतवर नहीं है और किसी बड़ी ताकत के पाले में नहीं है, इसलिए इसकी विदेश नीति में विशेष संतुलन की दरकार बनी रहेगी। इस लिहाज से ‘क्वाड’ भारत के लिए मुफीद है। बहरहाल, इन दोतरफा वैश्विक चुनौतियों में असरदार साबित होने केलिए विदेशी नीति को कुशल व व्यावहारिक, दोनों होना चाहिए, लिहाजा भारत ने पहले कोविड-19 में और बाद में यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न भू-रणनीतिक चुनौतियों के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# आर्थिक गिरावट का अर्थशास्त्र



लोग चीजें खरीदने की स्थिति में नहीं होंगे, तो कारखाना मालिक किसके लिए उत्पादन करेंगे? भारतीय अर्थव्यवस्था में नए सिरे से आ रही गिरावट का सामान्य अर्थशास्त्र है, जिसे समझने के लिए अर्थशास्त्री होने की जरूरत नहीं है।

भारत में सितंबर में महंगाई दर 7.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। यानी अप्रैल के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई पर काबू पाने के लिए कई किस्तों में ब्याज दरें बढ़ाई हैं। लेकिन अब यह साफ है कि यह उपाय कारगर नहीं है। ऐसा होना भी नहीं था। इसलिए कि ब्याज दरें बढ़ाना तब कारगर होता है, अगर मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था के ओवरहीटिंग से बढ़ रही हो। यानी तब जबकि आमदनी बढ़ने से उपभोग बढ़ रहा हो और मांग के कारण उत्पादक निवेश की ‘एनिमल स्पीरिट’ बेलगा हो गई हो। लेकिन इस बार की महंगाई ऐसी नहीं है। इस बार महंगाई सप्लाई साइड की मुश्किलों के कारण बढ़ी है। इसीलिए दुनिया भर में इसे रोकने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने का तरीका फेल हो रहा है। उलटे ब्याज दरें बढ़ने से समाज के एक तबके की आमदनी पर और दबाव बढ़ा है। उधर महंगाई बेकाबू रहने की वजह से लगभग हर तबके की वास्तविक गिरी है। ऐसे में बाजार में पहले से ही घटी मांग अब गायब होती जा रही है। इस आंकड़ों से सबके ललाट पर चिंता की रेखाएं काफी गहरी हो जानी चाहिए थीं कि सितंबर में तेल-साबुन जैसी आम रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजों की बिक्री लगभग दस फीसदी गिरी।

जब ये आलम हो, तो इस आंकड़े पर हैरत क्यों होनी चाहिए कि उसी महीने में औद्योगिक उत्पादन 0.8 प्रतिशत सिकुड़ गया। अगर लोग चीजें खरीदने की स्थिति में नहीं होंगे, तो कारखाना मालिक किसके लिए उत्पादन करेंगे? भारतीय अर्थव्यवस्था में नए सिरे से आ रही गिरावट का सामान्य अर्थशास्त्र है, जिसे समझने के लिए अर्थशास्त्री होने की जरूरत नहीं है। फिर भी यह देश का दुर्भाग्य है कि भारतीय मीडिया बदहाली के बीच चमकने वाली सुर्खियों की तलाश में लगा हुआ है। मसलन, आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट का सार यह था कि भारत इस वर्ष जीडीपी की पहले अनुमानित दर को अब हासिल नहीं कर पाएगा। लेकिन सुर्खी यह बनी कि भारत की वृद्धि दर दूसरे देशों से बेहतर रहेगी। अब ये सुर्खी ऊपर से निर्देश के कारण बनी, या मीडियाकर्मियों का मानस खुद ऊपर की इच्छा को समझने लगा है, यह हमें नहीं मालूम है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग

ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग


















# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# प्रदेश के सभी 33 जिलों की 13401 शासकीय उचित मूल्य के दुकानों में ई-पॉस मशीन स्थापित

## माह अक्टूबर में 75 प्रतिशत से अधिक गरीब परिवारों को राशन वितरण का कार्य पूर्ण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पी.डी.एस के तहत राशन कार्डधारियों को आधार प्रमाणीकरण के द्वारा उचित मूल्य की दुकानों में ई–पॉस मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के 33 जिलों की 13401 उचित मूल्य की दुकानों में ई–पॉस मशीन स्थापित कर दिया गया है। इन 13401 उचित मूल्य दुकानों में से 12,554 उचित मूल्य दुकानों में ऑनलाईन आधार प्रमाणीकरण के जरिये तथा शेष 847 उचित मूल्य की दुकानों में ई–पॉस मशीन के माध्यम से ऑफ्लाईन राशन सामग्री का वितरण किया जा रहा है।**



चालू माह अक्टूबर में 75 प्रतिशत से अधिक गरीब परिवारों को राशन वितरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि राज्य में माह अक्टूबर 2022 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 71.74 लाख राशनकार्डधारियों में से 49.48 लाख राशनकार्डधारियों (69 प्रतिशत) के द्वारा उचित मूल्य दुकानों से अभी तक खाद्यान्न का उठाव किया जा चुका है। 75 प्रतिशत अंत्योदय राशनकार्डधारियों, 77 प्रतिशत प्राथमिकता राशनकार्डधारियों तथा 34 प्रतिशत एपीएल राशनकार्डधारियों के द्वारा माह अक्टूबर में खाद्यान्न का उठाव कर लिया गया है। राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण का कार्य नियमित रूप से जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि राशनकार्डधारी आधार प्रमाणीकरण के द्वारा राज्य में अपनी पसंद की किसी भी उचित मूल्य की दुकान से पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव कर सकता है। माह अक्टूबर में अभी तक जिला बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बस्तर, बेमेतरा, गरियाबंद, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, जांजगीर–चांपा, जशपुर, कबीरधाम, कोण्डागांव, कोरिया, मुंगेली, राजनांदगांव तथा सूरजपुर में 70 प्रतिशत से अधिक राशनकार्डधारियों के द्वारा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न का उठाव किया जा चुका है। प्रतिदिन औसतन 5 लाख राशनकार्डधारियों के द्वारा खाद्यान्न का उठाव किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में सर्वर की गति सामान्य है तथा हितग्राहियों को राशन वितरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। दीपावली त्यौहार से पूर्व अधिकांश राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण का कार्य पूर्ण हो जायेगा। राशनकार्डधारियों को उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी होने की स्थिति में विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800–233–3663 तथा 1967 पर अपनी समस्या–शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# इस दिवाली में महिला समूहों द्वारा बनाये गये रंगोली से सजेगा घर–आंगन

## जय अम्बे महिला समूह द्वारा सजावटी व पूजा सामग्रियों का किया जा रहा है निर्माण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद। इस बार दीपावली त्यौहार में महिला समहों द्वारा बनाये गए रंगोली और सजावटी समानों से बाजार सजेगा, साथ ही इसे खरीदकर लोग अपने घरों की रौनक बढ़ायेंगे। महिला स्व सहायता समूहों द्वारा सबसे प्रमुख त्यौहार दिवाली को एक अवसर के रूप में देख रहे है। वे ऐसे उत्पादों के निर्माण में जुटे है, जिनसे उन्हें आय होगी।**



गरियाबंद जिले के विकासखण्ड फिंगेश्वर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोमा के जय अम्बे स्व–सहायता समूह के सदस्य योगिता तारक, गायत्री चेलक, सरिता तारक, धनेश्वरी सोनवानी, गंगा बाई, दुलारी यादव, तेजीन यादव, कुन्ती तारक, सीता तारक, खुशबू तारक एवं छनिया यादव के द्वारा दीपावली त्यौहार में उपयोग में लाये जाने वाले पूजा सामग्री के साथ–साथ लाल, हरा, पीला, नीला, नारंगी, बैगनी आदि रंगों की रंगोली बनाकर उसे पैकिंग भी कर रहे है। घरों में उपयोग होने वाले आकर्षक सजावटी सामग्री बनाने का कार्य भी उनके द्वारा किया जा रहा है। समूह की सदस्यों ने बताया कि उनके द्वारा समय–समय पर अपने आय को बढ़ाने के लिए अनेक प्रकार की आजीविका गतिविधियों से जुड़ने का प्रयास किया जाता है। बिहान के मार्गदर्शन में समूह सदस्यों द्वारा दीपावली को देखते हुए पर्व में उपयोग में लाये जाने वाले अनेक प्रकार की सामाग्रियों का उत्पादन, पैकेजिंग एवं विक्रय कार्य करने का निर्णय लिया गया। प्रारंभ में दीदीयों के द्वारा आर्टिफिशियल फूल बनाना शुरू किया। जिसका बाजार में अच्छी मांग आने पर सदस्यों के द्वारा त्यौहार के चलते इसके उत्पादन को बढ़ाया गया एवं साथ ही रंगोली की पैकिंग एवं पूजा सामग्री को बांस के टोकरी में आकर्षक तरीके से पैक करके विक्रय करने का कार्य प्रारंभ किया गया। समूह सदस्यों को उक्त गतिविधि के लिए 12000 रूपये का ऋण प्रदान किया गया। समूह द्वारा आज तक 22000 रूपये की सामग्री का विक्रय कर लिया गया है। जिसमें शुद्ध लाभ 10 हजार रूपये समूहों को मिला है।

## खास खबर

### कक्षा छठवीं से बारहवी तक के विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक शिक्षण बेस लाईन परीक्षा प्रारंभ

**धमतरी।** वनाच्छादित क्षेत्र आदिवासी विकासखंड नगरी स्थित शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं में कक्षा 6वीं से 8वीं एवं कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत बच्चों के शैक्षिक विकास हेतु समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना के तहत उनके उपलब्धि परीक्षण के आधार पर अपेक्षित सुधार लाने तथा छात्रों को उनकी अधिगम कठिनाइयों को दूर करने, हेतु दिनांक 19 एवं 20 अक्टूबर को बेस लाईन परीक्षा आयोजित की जा रही है 7 विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने आदिवासी विकासखंड नगरी के सभी शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं के संस्था प्रमुखों को उपचारात्मक शिक्षण हेतु बेस लाईन परीक्षा सुचारुपूर्वक आयोजित करने के निर्देश दिए है 7 बी.ई.ओ.श्री सिंह ने आदिवासी विकासखंड नगरी अंतर्गत समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 6वीं से 8वीं एवं कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र–छात्राओं की शैक्षणिक एवं बौद्धिक स्तर की विकास हेतु कठिनाइयों की प्रकृति अनुसार उद्देश्यों को निर्धारित करने, विशिष्ठ पद्धति तथा तकनीकों का उपयोग करने, छात्रों से प्रतिपुष्टि लेने एवं कमजोरियों का पता लगाने,संशोधित आंकलन के साथ अंतिम प्रदर्शन का आंकलन करने, विभिन्न विषयों एवं कक्षाओं के लिए प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी का गठन किया जाकर भाषा, गणित, विज्ञानं, पर्यावरण अध्ययन एवं सामाजिक अध्ययन विषय में उपलब्धि परीक्षण किया जावेगा 7 बी.ई.ओ.श्री सिंह ने मिशन लर्निंग शालावार एवं कक्षावार परीक्षा सम्पादित कर कक्षा 6वीं से 8वीं तक के टेस्ट पेपर उपरांत पेपर का मूल्यांकन बदलकर दूसरे संकुल के शिक्षकों से मूल्यांकन कराये जाने के निर्देश दिए है।

# सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो-मंत्री सिंहदेव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन, वाणिज्यिक कर (जीएसटी) मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष बेमेतरा में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम–काज की समीक्षा की। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही रबी सीजन के दौरान खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। बैठक में प्रदेश के कृषि एवं पंचायत मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, विधायक बेमेतरा श्री आशीष छाबड़ा उपस्थित थे।**




स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, अस्पतालों में दवाईयां पर्याप्त रहे, डॉक्टर एवं चिकित्सा स्टॉफ निर्धारित समय पर उपस्थित रहे। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्य करें। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि जिला चिकित्सालय बेमेतरा में आम लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले इस दिशा में कार्यवाही की जायेगी। केबिनेट मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि आम नागरिकों को सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ मिले, इस दिशा में अधिकारी अधिक संवेदनशील होकर कार्य करें। कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने केबिनेट मंत्री द्वय को आश्वस्त किया कि विभागीय अधिकारी परस्पर समन्वय से कार्य करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करेंगे और इसका अधिक से अधिक लाभ आम जनता तक पहुंचायेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी सहित जिला स्तर के अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना जैसे हितग्राही मूलक योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले। किसानों को उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि मंत्री श्री चौबे ने वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने की अपील की। श्री चौबे ने गौठान में पैरा एवं चारा की व्यवस्था करने के निर्देश जनपद पंचायतों के सीईओं को दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि पैरादान के लिए किसानों को अभी से प्रेरित करें।

केबिनेट मंत्री श्री चौबे ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री का प्रदेशव्यापी विधानसभावार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण प्रारंभ हो गया है। इस दौरान वे आम जनता से भेंट–मुलाकात भी कर रहे हैं। उन्होने इसकी तैयारी करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के भ्रमण के पूर्व सभी राजस्व अधिकारी अपने–अपने तहसील अनुविभाग के अन्तर्गत राजस्व प्रकरणों का निराकरण शीघ्र कर लेवें। इनमें अविवादित नामंतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती के प्रकरण, नवीन राशनकार्ड का निर्माण इत्यादि शामिल है। किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लंबित दावा भुगतान के संबंध में जानकारी लेते हुए इस पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में राजस्व, जलसंसाधन आदिमजाति कल्याण, पंचायत, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, मछली पालन, खेल, खाद्य, खनिज, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, जल जीवन मिशन, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों के काम–काज की समीक्षा की।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कई दुकानों पर कार्रवाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई निगम शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार बाजार क्षेत्रों एवं दुकानों में निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर जब्ती के साथ ही जुर्माने की कार्रवाई कर रही है इसी तारतम्य में निगम ने कई दुकानों में कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक से बने उत्पादों को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया है।**

अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश पर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही अभियान लगातार जारी है। प्रत्येक जोन में अलग–अलग जगहों पर दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमार कार्रवाई की जा रही है। जहां भी सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करते हुए पाया जा रहा है वहां इसे जब्ती करते हुए जुर्माना भी वसूला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने भी प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील शहरवासियों से की है। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए यह आवश्यक है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें।

किसी भी प्रकार की सामग्री लेने के लिए कपड़े से बने थैले इत्यादि का उपयोग करें। प्लास्टिक से पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है जिसको देखते हुए इस पर भिलाई निगम क्षेत्र में कड़ाई करना प्रारंभ कर दिया गया है। रात्रि के समय भी ठेला लगाकर व्यवसाय करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग व विक्रय करने वालो पर लगाम लगाया जा रहा है। निगम की टीम ने पावर हाउस, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट नंदनी रोड, कैलाश नगर, नेहरू नगर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई करते हुए 8100 रुपए जुर्माना वसूल किया तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक की जब्ती भी बनाई।

## गुजरात और राजस्थान के लिए मिला दस लाख दीयों का आर्डर

# 35 हजार दीये कर चुकी हैं डिस्पैच, दुर्ग शहरी गौठान में हो रहा दीवाली सामग्री के निर्माण का कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग के शहरी गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में दीवाली के दीयों और अन्य सामग्री के निर्माण कार्य में लगी हुई हैं। इन्होंने दीयों की सजावट पर और इनकी गुणवत्ता पर काफी मेहनत की है इसका सकारात्मक परिणाम उन्हें मिला है।**



राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों से इनके दीयों के लिए आर्डर आये हैं और अब तक दस लाख दीयों के आर्डर यहां काम कर रही समूह की महिलाएं ले चुकी हैं। समूह की महिलाओं ने बताया कि अब तक 35 हजार दीये डिस्पैच भी कर चुकी हैं। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए गौठान समिति की अध्यक्ष गायत्री डोरे ने बताया कि हमारे समूह को गुजरात और राजस्थान के लिए आर्डर मिले हैं।

एक दीया तीन रुपए में बेच रही हैं। गायत्री ने बताया कि यहां पर प्रशिक्षित लोग हैं, जिन्होंने गोबर के दीयों को आर्टिस्टिक रूप से सजाया है। इसकी वजह से इनकी सुंदरता खूब निखर गई है और अच्छी डिमांड आ रही है। इसके साथ ही वे धूपबत्ती भी तैयार कर रही हैं, जिसमें 15 प्रकार की जड़ीबूटियों का उपयोग हो रहा है। पंचदीप थाली का निर्माण भी उनके द्वारा किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग शहर में दीपावली के स्थानीय उत्पादों के विक्रय के लिए बिहान बाजार भी लगाया गया है। बिहान बाजार में स्थानीय उत्पादों की धूम है और बड़ी संख्या में लोग यहां से सामग्री खरीद रहे हैं।

## अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारंभ

**कोरबा ।** अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर का शुभारंभ आज अग्रसेन भवन में छत्तीसगढ शासन के कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के मुख्य अतिथि में किया गया। सिघा आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रद्वाति के माध्यम से जटिल रोगों का ईलाज किया जाना है अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित चिकित्सा शिविर का शुभारंभ के अवसर पर अयोजित मंचिय कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन के तैल्याचित्र में पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्जविलित कर कि गई ।






**खास खबर**

## स्मार्ट बनने के लिए बच्चों का एक्स्ट्रा एक्टिविटी में भाग लेना बेहद जरूरी : बृजमोहन

**रायपुर।** रायपुर में जिला बैडमिंटन संघ की तरफ से 'जिला सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा 2022' का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। खास बात ये है कि साल 2008 में कैबिनेट मंत्री रहते हुए खुद बृजमोहन अग्रवाल ने बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करवाया था, हाल ही में रिनोवेशन की प्रक्रिया के लिए भी उन्होंने 7 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की। दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट बनने के बाद से ही लगातार खेल की सुविधाएं अपग्रेड होती रहीं। जिसका परिणाम आज हमें मिल रहा है, बच्चें देश और दुनिया में छत्तीसगढ़ का मान बढ़ा रहे हैं।

विधायक अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में बच्चों को खेल के मैदान में उतारना सबसे जरूरी है, पढ़ाई के अलावा एक्स्ट्रा एक्टिविटी में बच्चे जब तक भाग नहीं लेंगे तब तक वह स्मार्ट नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा कि मोबाइल टीवी कंप्यूटर में आजकल की जनरेशन बेहद व्यस्त हो गई है, पढ़ाई का इतना आजकल दबाव है कि बच्चे खेल एक्टिविटी से दूर होते जा रहे हैं। सारी चुनौतियों के बीच अगर बच्चों को मेंटली अपडेट करना है तो खेल से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पहले हमारे घरों के सामने काफी जगह हुआ करती थी, जहां बचपन बीतता था, बच्चे खेल खेला करते थे, मगर अब वो दौर बहुत पीछे छूट चुका है। उन्होंने कहा कि अब वह समय नहीं है की खाली पढ़ने लिखने वाले ही आगे बढ़ते हैं, आजकल खेलकूद अपनी प्रतिभा को साबित करने का बेहतरीन मंच है। खेल में भी बच्चे आगे बढ़ सकते हैं, देश का नाम रोशन कर सकते हैं। हंड्रेड परसेंट नंबर लाने वाला भी कॉन्पिटिटिव एग्जाम में अगर परफॉर्म नहीं कर पाएगा तो पीछे रह जाएगा।

## छत्तीसगढ़ में अब 1314.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1314.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 20 अक्टूबर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2453.4 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 640.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 1074.9 मिमी, बलरामपुर में 1116.0 मिमी, जशपुर में 1143.8 मिमी, कोरिया में 925.4 मिमी, रायपुर में 960.1 मिमी, बलौदाबाजार में 1212.8 मिमी, गरियाबंद में 1317.6 मिमी, महासमुंद में 1180.6 मिमी, धमतरी में 1359.6 मिमी, बिलासपुर में 1502.3 मिमी, मुंगेली में 1382.9 मिमी, रायगढ़ में 1252.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1405.9 मिमी, कोरबा में 1264.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1125.9 मिमी, दुर्ग में 1042.8 मिमी, कबीरधाम में 1210.3 मिमी, राजनांदगांव में 1271.3 मिमी, बालोद में 1343.9 मिमी, बेमेतरा में 757.2 मिमी, बस्तर में 1890.5 मिमी, कोण्डागांव में 1333.2 मिमी, कांकेर में 1614.7 मिमी, नारायणपुर में 1542.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 1855.3 मिमी और सुकमा में 1630.1 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# योग का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएंः मंत्री अनिला भेंड़िया

## समाज कल्याण मंत्री ने योग आयोग की सामान्य सभा की बैठक ली

### शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों सहित आम नागरिकों के लिए आयोजित होगा सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया ने आज रायपुर के राजातालाब स्थित अपने निवास में छत्तीसगढ़ योग आयोग की सामान्य सभा की बैठक ली। उन्होंने लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और योग का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने स्कूलों में योग कक्षाएं और योग शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने योग के प्रसार के लिए स्काउट गाइड और नेहरू युवक केन्द्रों का सहयोग लेने भी कहा। साथ ही उन्होंने योग आयोग को सभी जिलों में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू करने और तीन योग विशेषज्ञों की क्रमानुसार सेवा लेने पर सहमति प्रदान की।

श्रीमती भेंड़िया ने बापू की कुटिया में योग संचालन, निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्रों की संख्या बढ़ाने, आवासीय प्रशिक्षण शिविर के संचालन सहित आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बैठक में बताया कि रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिले में योग आयोग द्वारा निःशुल्क योगाभ्यास केन्द्र शुरू किए गए हैं। कोरोना के कारण कई जिलों में योगाभ्यास केन्द्र शुरू नहीं किए जा सके थे। उन्होंने सभी जिलों में योगाभ्यास केन्द्रों खोलने और उनकी संख्या बढ़ाए जाने की आवश्यकता बताई। जिस पर भेंड़िया ने अपनी सहमति दी।

श्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फुण्डहर स्थित खाली पड़े कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल भवन को योग अभ्यास के लिए देने की घोषणा की थी, जिससे छत्तीसगढ़ में नागरिकों को प्रशिक्षण सहित योग की जानकारी दी जा सके। मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभार प्रकट करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि हॉस्टल के चार एकड़ में फैले परिसर में 124 कमरे हैं, इससे योग आयोग को किराए का भवन नहीं लेना पड़ेगा। योग आयोग द्वारा जनवरी 2023 से फुण्डहर स्थित भवन में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू किया जाएगा। इसमें शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सहित आम नागरिकों को भी योग में प्रशिक्षित किया जाएगा। यहां छत्तीसगढ़ के पांचों संभागों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भी लगाए जाएंगे।

बैठक में छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह, राजेश नारा, गणेशनाथ योगी, योग आयोग के सचिव एम.एल. पाण्डेय, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, शिक्षा, समाज कल्याण सहित छत्तीसगढ़ स्काउट एण्ड गाइड और नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य प्रभारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा का परिणाम घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा सितम्बर 2022 का परिणाम घोषित आज शाम छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की वेबसाईट www.sos.cg.nic.in एवं www.result.cg.nic.in पर जारी कर दिया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम इस वेबसाईट में देख सकते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के सचिव प्रो. व्ही.के. गोयल ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षा में कुल 12569 छात्रों का पंजीयन हुआ जिसमें 11426 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 9 परीक्षार्थियों का परीक्षाफल विभिन्न कारणों से रोका गया। 11417 परीक्षार्थियों का परीक्षा परीणाम जारी किया गया, जिसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 3788 है और परीक्षाफल 33.17 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 16229 छात्रों का पंजीयन हुआ, जिसमें 15566 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 4886 छात्र आरटीडी योजना अंतर्गत सम्मिलित हुए। 17 परीक्षार्थियों का परीक्षाफल विभिन्न कारणों से रोका गया है।

राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

# एक से तीन नवम्बर तक होगा भव्य आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन

### राज्य सरकार द्वारा राज्यों व पड़ोसी देशों के कलाकारों-प्रतिनिधियों को किया जा रहा है आमंत्रित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवम्बर से 3 नवम्बर तक राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले 23वें राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव तथा राज्य अलंकरण समारोह की तैयारियां जोरों पर है। राज्योत्सव एवं आदिवासी नृत्य महोत्सव का गरिमामय एवं भव्य आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा इस आयोजन को और भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए देश के सभी राज्यों केन्द्र-शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों व प्रमुखों सहित विभिन्न देशों व गणराज्यों के प्रतिनिधियों को भी राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने व अपने देश की कला-संस्कृति, परम्परा, उत्सव आदि पर आधारित नर्तक दलों को लेकर महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में देश के देश के विभिन्न राज्यों के आदिवासी कलाकारों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से प्रदेश के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ आदिवासियों द्वारा अलग-अलग राज्यों में जाकर वहां के मुख्यमंत्रियों के साथ ही केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशाषकों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इसी कड़ी में संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा को विधायक दालेश्वर साहू ने पुद्दुचेरी के मुख्यमंत्री रंगास्वामी को, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अरूण मेहता को और लघु वनोपज संघ के जीएम एस. मनीवासगन ने तमिलनाडु सरकार के उद्योग मंत्री थांगम थेन्नारासु को आमंत्रित किया है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की आदिवासी कला संस्कृति, रीति-रिवाज, उत्सव, परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन तथा देश के राज्यों सहित विश्व के अन्य देशों में निवासरत आदिवासी लोगों के कला-संस्कृति के आदान-प्रदान के उद्देश्य से भव्य आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए पिछले वर्ष भारत के 25 राज्यों के 1400 से अधिक कलाकारों ने हिस्सा लिया, वहीं श्रीलंका, बेलारोस, युगांडा, बांग्लादेश सहित छः से अधिक देशों के मेहमान कलाकारों ने अपने देश की कला-संस्कृति की छटा बिखेरी थी।

# नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों का पालन सुनिश्चित होः मुख्य सचिव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अधिकारियों से कहा है कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के पर्यावरण संरक्षण से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के तहत लीगेसी वेस्ट (ठोस अपशिष्ट) के निराकरण और दूषित जल उपचार संयंत्र की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में नगरीय निकायों में एकत्रित लीगेसी वेस्ट के निराकरण हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई। बैठक में राज्य की ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट के अपवहन और शत-प्रतिशत ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन के संबंध में जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से उनके जिले में की जा रही कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की गई। इसी तरह से नगरीय निकायों द्वारा ग्राम पंचायतों से भू-भरण हेतु अपशिष्ट लेने के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके साथ ही नगरीय निकायों में घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र की स्थापना की प्रगति की जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली गई। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी शामिल हुए।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के नगरीय निकाय रायपुर, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर, धमतरी एवं राजनांदगांव में लीगेसी वेस्ट का निष्पादन किया जाना है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य सचिव ने दिए है।

राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में जो ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है, उसे संग्रहित कर नियमानुसार उपचारित किया जाना है। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगरीय निकायों में घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्रों की स्थापना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य में सात दूषित जल उपचार संयंत्र लगा दिए गए है। इनमें बिलासपुर में चिल्हाटी और दोमुहानी में, संयंत्र लगाया गया है। रायगढ़ में बड़े अतरमुड़ा और बंजपाली में तथा रायपुर में कारा, निमोरा और भाटागांव में तथा कवर्धा में एक दूषित जल उपचार संयंत्र लगाया गया है। इसी प्रकार से राज्य में विभिन्न स्थानों पर दूषित जल उपचार संयंत्रों की स्थापना की कार्यवाही की जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी., पर्यावरण संरक्षण मंडल तथा ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

# रबी सीजन में बीज, उर्वरक और कृषि ऋण वितरण के लिए पुख्ता व्यवस्था की जाएः डॉ. कमलप्रीत सिंह

### कृषि उत्पादन आयुक्त ने कृषि सहित संबंधित विभागों की ली समीक्षा बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में रबी कार्यक्रम वर्ष 2022-23 में आदान व्यवस्था बीज, उर्वरक वितरण और कृषि एवं उद्यानिकी फसलों के लिए ऋण वितरण की व्यवस्था के संबंध में कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली।

डॉ. कमलप्रीत सिंह ने रबी सीजन में रासायनिक उर्वरकों तथा बीजों की व्यवस्था के लिए मार्कफेड, बीज निगम और अपेक्स बैंक से समन्वय स्थापित करने तथा सहकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र में भण्डारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में विभिन्न फसलों के क्षेत्राच्छादन और दलहन-तिलहन, मक्का-रागी फसल को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में देरी से मानसून आने के कारण उतेरा फसलों की संभावना अधिक होने के कारण क्षेत्राच्छादन में 2.75 लाख हेक्टेयर निर्धारित किया गया है।

### 8.10 करोड़ रूपए कृषि ऋण का लक्ष्य

डॉ. कमलप्रीत ने कहा कि फसल ऋण के लिए 810 करोड़ रूपए की लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे प्राप्त करने के लिए अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक दलहन-तिलहन और उद्यानिकी फसलों के लिए लक्ष्य निर्धारित कर अधिक से अधिक ऋण वितरण करें।

प्रदेश में रबी सीजन वर्ष 2021-22 में क्षेत्राच्छादन 18.30 लाख हेक्टेयर के विरूद्ध रबी वर्ष 2022-23 के लिए क्षेत्राच्छादन लक्ष्य 19.25 लाख हेक्टेयर प्रस्तावित किया गया है। रबी वर्ष 2021-22 में 2.07 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण किया गया था। साथ ही वर्ष 2022-23 के लिए 3.18 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें गेहूं एक लाख 25 हजार क्विंटल, चना 96 हजार 900 क्विंटल, मटर 15 हजार क्विंटल, सरसों 4450 क्विंटल एवं अन्य 77 हजार 50 क्विंटल शामिल हैं।

### एक लाख 10 हजार क्विंटल बीज उपलब्ध

बीज निगम में गेहूं 60 हजार 473 क्विंटल, चना 42 हजार 744 क्विंटल, मटर 355 क्विंटल, सरसों 710 क्विंटल एवं अन्य फसल बीज 5644 क्विंटल बीज उपलब्ध है। इस प्रकार कुल एक लाख 9 हजार 926 क्विंटल बीजों की उपलब्धता है, शेष बीजों की व्यवस्था बीज निगम द्वारा की जा रही है।

### 4.80 लाख मीटरिक टन खाद वितरण का लक्ष्य

रबी मौसम में कुल 4 लाख 80 हजार मीटरिक टन रासायनिक उर्वरक वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें यूरिया 2 लाख 24 हजार मीटरिक टन, डीएपी 70 हजार मीटरिक टन, एमओपी 21 हजार टन, एनपीके 35 हजार टन एवं एसएसपी एक लाख 30 हजार मीटरिक टन शामिल हैं। वर्तमान में यूरिया एक लाख 85 हजार 349 मीटरिक टन, डीएपी 43 हजार 64 मीटरिक टन, एमओपी 18 हजार 642 मीटरिक टन उर्वरक उपलब्ध है, जिसमें सहकारी क्षेत्र में कुल एक लाख 49 हजार 265 मीटरिक टन तथा निजी क्षेत्र में एक लाख 75 हजार 463 मीटरिक टन उर्वरक शामिल हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# गले की खराश और खुजली से राहत दिला सकते हैं घर में तैयार ये 5 पेय

बदलते मौसम के दौरान सर्दी-खांसी और गले में खराश जैसी कई समस्याएं होने की संभावना बढ़ जाती है। खासकर, गले में खराश और खुजली के कारण खान-पान की चीजों को निगलने में मुश्किल होती है और गले में दर्द भी होने लगता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू पेय के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका सेवन आपको इन समस्याओं से राहत दिलाने के साथ-साथ कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देने में सक्षम है।

### अदरक की चाय

एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर अदरक की चाय गले की खुजली और खराश को शांत करने में सहायक है। साल 2013 के एक अध्ययन के अनुसार, गर्म पानी में ताजे अदरक का रस मिलाकर पीने से आपको कई तरह के संक्रमण समेत गले की खराश से छुटकारा मिल सकता है। लाभ के लिए गर्म पानी में कदूकस किया हुआ अदरक डालें और उबाल आने दें। अब इस चाय को छानकर उसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर सेवन करें।

### हल्दी वाला दूध

दूध में हल्दी मिलाकर पीने से भी गले की खराश और खुजली से राहत मिल सकती है। दूध और हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल प्रभाव पाए जाते हैं, जो गले को आराम पहुंचाने में सहायक हो सकते हैं। इसलिए जब तक आपको ये समस्याएं हो, तब तक एक गिलास हल्के गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पीएं। इससे आपको जल्द ही आराम मिलेगा।

### गर्म पानी में शहद और नींबू का रस मिलाएं

शहद में मौजूद एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-बैक्टीरियल गुण गले की समस्याओं को दूर करने में सहायक होते हैं, जबकि गर्म पानी से गले को आराम मिलता है। वहीं, नींबू में मौजूद उच्च विटामिन-ष्ट से रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती मिलती है। ऐसे में गले की इन समस्याओं से राहत पाने के लिए एक कप गर्म पानी में एक चम्मच शहद और आधा चम्मच नींबू का रस मिलाकर सेवन करें।

### कैमोमाइल टी

एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुणों से भरपूर कैमोमाइल टी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने और गले की खराश समेत खुजली जैसी समस्याओं को तेजी से ठीक करने में मदद कर सकती है। लाभ के लिए एक गिलास गर्म पानी में एक चौथाई कप सूखे कैमोमाइल के फूल डालकर उबालें और जब पानी आधा हो जाए तो इसे छानकर कप में डालें। फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर इसका सेवन करें।

### पुदीने की चाय

एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर पुदीने की चाय गले की खराश को शांत करने के लिए अत्यधिक प्रभावी है। पुदीने की चाय की भाप लेने से बंद नाक का भी इलाज हो सकता है और आपके गले को भी काफी आराम मिल सकता है। लाभ के लिए दो कप गर्म पानी में 10-15 पुदीने की पत्तियां डालकर उबालें। कुछ सेकंड बाद इस चाय को छानकर इसका सेवन करें। आप चाहें तो इस चाय में भी स्वादानुसार शहद मिला सकते हैं।

# लगातार बढ़ रही है अवनीत कौर की बोल्डनेस, बॉडीकॉन ड्रेस में फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

**टीवी के बाद बॉलीवुड की ओर रुख करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. वह अक्सर अपने ग्लैमरस अंदाज की वजह से हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं. ऐसे में अवनीत इंडस्ट्री में अपनी अलग ही पहचान रखती हैं. उन्होंने मजह 20 साल की उम्र में इंडस्ट्री में वो मुकाम हासिल किया है, जिसके लिए किसी भी हस्ती को सालों-साल मेहनत करनी पड़ती है.**



अवनीत इन दिनों अपने बॉलीवुड में डेब्यू के लिए भी तैयार हैं. हालांकि इससे पहले वह अपने बोल्ड लुक्स के कारण सुर्खियों में रहने लगी हैं. वहीं, दूसरी ओर अवनीत सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर फैंस के साथ अपने नए लुक्स शेयर करती रहती हैं. अब फिर से अवनीत ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है.

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में अवनीत को पर्पल बॉडीकॉन ड्रेस पहने देखा जा सकता है. उन्होंने इस लुक को न्यूड मेकअप और ओपन हेयर के साथ कंप्लीट किया है. इसके साथ अवनीत ने कानों में गोल्डन ईयररिंग्स पहने हुए हैं. यहां वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई अलग-अलग अदाएं दिखा रही हैं. इस लुक में अवनीत काफी हॉट लग रही हैं.

अब अवनीत की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. फैंस उनके इस लुक की तारीफें करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. उनके वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें कई टीवी शोज और म्यूजिक वीडियोज में पहले ही देखा जा चुका है. फिलहाल काफी समय से वह अपनी फिल्म टीकू वेड्स शेरू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं.

# आज क्षेत्रीय सिनेमा का परिदृश्य काफी बदल गया है : तेजस्वी



'बिग बॉस 15' फेम तेजस्वी प्रकाश मराठी सिनेमा में फिल्म 'मन कस्तूरी रे' से डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 29 वर्षीय अभिनेत्री ने क्षेत्रीय सिनेमा के बारे में बात की और बताया कि कैसे निर्माता अधिक बोल्ड और यथार्थवादी केंटेंट लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज क्षेत्रीय सिनेमा परिदृश्य काफी बदल गया है। निर्माता अधिक प्रयोगात्मक हैं और कंटेंट के मामले में साहसिक कदम उठा रहे हैं। मैं अपने प्रशंसकों के इस फिल्म को देखने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं।

तेजस्वी ने 'खतरों के खिलाड़ी 10' जैसे रियलिटी शो में भाग लेकर टीवी उद्योग में अपनी पहचान बनाई थी। उन्हें टीवी धारावाहिक 'रिश्ता लिखेंगे हम नया' में दीया सिंह या 'कर्ण संगिनी' में उरुवी के रूप में उनकी भूमिका के लिए भी याद किया जाता है, और वर्तमान में अभिनेत्री 'नागिन 6' में प्रथा गुजराल के रूप में देखी जा सकती है। बिग बॉस 15' में उनके कार्यकाल के बाद, करण कुंद्रा के साथ तेजस्वी की केमिस्ट्री शहर में चर्चा का विषय बन गई है और युगल अपने पोस्ट और रीलों के लिए सभी का ध्यान खींच रहे हैं।

अब जब वह एक मराठी फिल्म का हिस्सा बनकर एक नया सफर शुरू करने जा रही हैं, तो अभिनेत्री ने कहा कि एक महाराष्ट्रियन होने के नाते उनके लिए यह प्रोजेक्ट लेना सही है और वह इससे अच्छी तरह जुड़ सकती हैं।

उन्होंने कहा, मैं मराठी फिल्में देखते हुए बड़ी हुई हूं। खुद एक महाराष्ट्रियन होने के नाते, 'मन कस्तूरी रे' में काम करना सही लगा, क्योंकि यह मेरे लिए एक यादगार पल था।

'मन कस्तूरी रे' 4 नवंबर को रिलीज हो रही है।

# जूनियर आर्टिस्ट के तौर पर शम्मी कपूर ने की थी करियर की शुरुआत

## 150 रुपये थी पहली तनख्वाह

अपनी खास अदाकारी के लिए मशहूर और करियर में कई हिट फिल्में देने वाले दिग्गज अभिनेता शम्मी कपूर का आज जन्मदिन है। शम्मी कपूर को भारत का एल्विस प्रेस्ली कहा जाता है। इनका जन्म 1931 में पृथ्वीराज कपूर के घर हुआ था। भले ही शम्मी कपूर आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके डांस का आज भी हर कोई कायल है। शम्मी कपूर का पूरा परिवार ही फिल्मों से जुड़ा रहा है, फिर चाहे उनके पिता पृथ्वीराज कपूर हों, या युवा पीढ़ी के रणबीर कपूर, करीना और करिश्मा। उनके परिवार को कपूर खानदान के नाम से पुकारा जाता है। तो चलिए आज इस खास मौके पर आपको शम्मी कपूर के बारे में कुछ खास बातें बताते हैं-

शम्मी कपूर के घर में बचपन से ही फिल्मी माहौल था, यही वजह थी कि उन्होंने पृथ्वी थियेटर में अभिनय के गुर सीखे। इसके बाद उन्होंने फिल्म जीवन ज्योति से बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा। 1948 में शम्मी कपूर को उनका पहला जॉब मिला था, जहां पर वह एक जूनियर आर्टिस्ट का काम करते थे। इस काम के बदले उनको 150 रुपए प्रति माह तनख्वाह मिलती थी। इसके बाद उन्होंने लैला मजनू, नकाब, तुमसा नहीं देखा, रात की रानी और बसंत जैसी कई ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों में काम किया।

जंगली शम्मी कपूर की पहली कलर फिल्म थी। इसके बाद उन्होंने प्रोफेसर, राजकुमार, ब्रह्माचारी, प्रिंस और अंदाज जैसी कई कलर फिल्मों में काम किया। शम्मी कपूर आखिरी बार अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार में नजर आए थे। यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई थी। फिल्मों के अलावा शम्मी कपूर अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। शम्मी कपूर की पहली शादी 50-60 के दशक की मशहूर अभिनेत्री गीता बाली से हुई थी। दोनों ने ये शादी घरवालों को बताए बिना की थी। शम्मी कपूर की बायोग्राफी शम्मी कपूर: द गेम चेंजर के मुताबिक दोनों की पहली मुलाकात 1955 में 'मिस कोका-कोला' के सेट पर हुई थी।





जब दोनों की मुलाकात हुई उस दौरान गीता बाली एक सफल अभिनेत्री थीं, जबकि शशि कपूर संघर्ष कर रहे थे। गीता उनसे उम्र में एक साल बड़ी थीं, इसलिए वह शादी करने से डर रहे थे। आखिरकार 23 अगस्त 1955 को शम्मी कपूर ने गीता बाली को शादी के लिए प्रपोज किया। गीता बाली ने भी शादी के लिए हां कह दी थी। गीता नहीं चाहती थीं कि किसी भी तरह से शम्मी के परिवार का दिल दुखे। इसलिए दोनों ने आधी रात को घर से भागकर शादी की।

शम्मी और गीता आधी रात को बानगंगा मंदिर पहुंच गए। हालांकि, उस वक्त पुजारी ने शादी कराने से मना कर दिया, लेकिन सुबह मंदिर में शादी की तैयारियां पूरी हुईं। शादी के दौरान शम्मी कपूर से जब मांग भरने के लिए कहा तो उनके पास सिंदूर नहीं था। ऐसे में शम्मी कपूर ने लिपस्टिक से गीता बाली की मांग भरी। शादी के दस साल बाद 1965 में गीता बाली का निधन हो गया था। दोनों की दो बच्चे- आदित्य राज कपूर और कंचन हैं। गीता बाली के निधन के बाद उन्होंने 1969 में नीला देवी से शादी कर ली थी।

### फिल्म भेड़िया का ट्रेलर रिलीज इच्छाधारी भेड़िया बने वरुण

स्त्री की सफलता के बाद दिनेश विजान एक और चिर-परिचित हॉरर कॉमेडी लेकर तैयार हैं। उनकी फिल्म भेड़िया लंबे समय से चर्चा में है। बीते दिनों ऋतिक रोशन की फिल्म विक्रम वेधा के साथ फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। टीजर दर्शकों में एक सिहरन पैदा करने में कामयाब रहा था। अब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर लोगों को डराने के साथ ही हंसाने वाला है। भेड़िया 25 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस फिल्म में वरुण धवन और कृति सैनन मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म में अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल भी दिखाई देंगे। अभिषेक दिनेश की स्त्री में भी कुछ इसी अंदाज में नजर आए थे। ट्रेलर में दिखाया गया है वरुण के किरदार को एक भेड़िया काट लेता है। इसके बाद उनके शरीर में कुछ अजीबोगरीब बदलाव होते हैं। इन्हीं बदलावों को लेकर फिल्म में सस्पेंस और हास्य का दिलचस्प मेल बनाया गया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

9303289950, 9827806026, 8962815243




चौरसिया ज्वेलर्स

आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां

उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई

9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जीवन ऐसा जिएँ कि आप जहाँ रहें सब आपको प्यार करें - राष्ट्र-संत ललितप्रभ

**रायपुर।** राष्ट्र-संत ललितप्रभ जी महाराज ने कहा कि जीवन ऐसा जिएँ कि आप जहाँ रहें सब आपको प्यार करें, जहाँ से आप जाएँ पीछे सब आपको याद करें और आप जहाँ जा रहे हैं वहाँ पर सब आपका इंतजार करें। या तो हम 100 किताबें लिख कर जाएँ कि हमारे जाने के बाद भी यह दुनिया उन्हें पढ़कर जीना सीख सके या फिर ऐसा जीवन जीकर जाएँ कि हम पर 100 किताबें लिखी जा सके। संतप्रवर गुरुवार को टैगोर नगर स्थित सरदार बगीचे में आयोजित प्रवचन में श्रद्धालु भाई बहनों को संबोधित कर रहे थे। संतप्रवर ने कहा कि तलवार की कीमत होती है धार से, पर अच्छे इंसान की कीमत होती है सद्व्यवहार से। याद रखें, सुंदर चेहरा दो मिनट याद रहता है, पर सुंदर व्यवहार हमें जीवन भर याद रहता है। हम हाथ उठा कर दस लोगों को भी जीत नहीं सकते, पर हाथ जोड़कर लाखों लोगों का दिल जीत सकते हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि पुरुष लोग शादी से पहले जैसा व्यवहार करते हैं अगर वैसा ही व्यवहार शादी के बाद भी करें तो तलाक की कभी नौबत नहीं आएगी और महिलाएँ शादी के बाद जैसा व्यवहार करती हैं अगर वैसा ही व्यवहार शादी से पहले करें तो इस दुनिया में कोई शादी ही न करेगा।

### अंडर 23 एवं सीनियर का ट्रायल संपन्न, दोनो वर्ग में अंतरिम टीम घोषित

**रायगढ़।** बीसीसीआई के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आदेशित अंडर 23 एवं सीनियर बालक क्रिकेट का ट्रायल संस्कार स्कूल कैम्पस में विगत दिवस संपन्न हुआ। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि चयनकर्ता पंकज बोहिदार एवं जफर उल्लाह सिद्धिकी के द्वारा अंडर 23 के युवा खिलाडियों एवं सीनियर टी-20 तथा टेस्ट मैच के लिए खिलाडियों का बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी में प्रदर्शन को बारिकी से परखा गया। जिसके आधार पर लगभग 30 से अधिक खिलाडियों की दोनो ही वर्ग में अंतरिम टीम घोषित की गई। जिसमें अंडर 23 की टीम इस प्रकार है। अजहरूल, मोहसिन अहमद, शुभम सिंह, पीयूष मिश्रा, सक्षम चौबे, दुष्यंत चौहान, मोहर साय यादव, शामिल किए गए है।

# सूचना का अधिकार जनता को जानकारी देने के लिए बनाया गया है-राउत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एम के राउत ने आज कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन के सभागार में सूचना का अधिकार विषय पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम आम जनता के लिए बनाया गया है । जनसूचना अधिकारी प्राप्त आवेदनों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करें ।

मुख्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार के तहत आवेदन शुल्क के रुप में संलग्न नान ज्युडिशियल स्टाम्प, ई-स्टाम्प, चालान, भारतीय पोस्टल आर्डर, नगद, बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करता है, तो आवेदक को समय सीमा में जानकारी रजिस्ट्री डाक से भेंजे।




उन्होंने कहा कि जहां (विभाग) नकल लेने का प्रावधान है, वहां आवेदक को नकल (प्रतिलिपि) के लिए आवेदन करने पत्र जरुर भेजें। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी आकाश छिकारा, अपर कलेक्टर बी.बी पंचभाई, राज्य सूचना आयोग के संयुक्त संचालक धनंजय राठौर भी उपस्थित थे।

राउत ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम सरकार के कार्यो को पारदर्शी बनाना है। इसमें पहली कड़ी जनसूचना अधिकारी हैं, इसलिए जनसूचना अधिकारी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों को स्वयं पढ़े । इससे गलती की संभावना कम होगी। इसमें जानकारी देने की समय-सीमा और शुल्क निर्धारित है। जनसूचना अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें। एक आवेदक के आवेदन को एक से अधिक विभाग को अंतरण नहीं करना है।

ाज्य सूचना आयोग के आयुक्त अशोक अग्रवाल ने कार्यशाला में स्पष्ट किया कि जनसूचना अधिकारी समय सीमा में आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराने में असमर्थ है तो आवेदक प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास अपील कर सकता है। प्रथम अपीलीय अधिकारी निर्णय देने के बाद उसे समय सीमा में कार्यान्वित कराने का दायित्व प्रथम अपीलीय अधिकारी का है। उन्होंने जनसूचना अधिकारियों से कहा कि जब आवेदक सूचना का अधिकार के तहत आवेदन प्रस्तुत करता है, तो आवेदन पत्र को ध्यान से पढ़े, आवेदन पत्र में एक से अधिक विषय की जानकारी चाही गई है, तो केवल प्रथम विषय की जानकारी आवेदक को दे और शेष विषय के लिए पृथक-पृथक आवेदन करने पत्र के माध्यम से सूझाव दे। इसी तरह सशुल्क जानकारी देने की स्थिति पर शुल्क की गणना भी आवेदक को दी जाए और आवेदक द्वारा शुल्क जमा करने के पश्चात् ही वांछित जानकारी की फोटोकॉपी उपलब्ध कराई जाए।

राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने कहा कि जनसूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी आयोग के नोटिस का जवाब जरूर दें, जवाब नहीं मिलने पर आयोग अर्थदंड और क्षतिपूर्ति लगा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि आवेदक द्वारा चाही गई जानकारी आपके कार्यालय से संबंधित नहीं है, तो उसे संबंधित कार्यालय को 5 दिवस के भीतर आवेदन पत्र को अंतरित किया जाए।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दें : भूपेश बघेल

### अवैध शराब, जुआ सट्टा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें

### शिवरीनारायण में तेजी से हो रहा पर्यटन सुविधाओं का विकास

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिवरीनारायण में ली अधिकारियों की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिवरीनारायण में ली अधिकारियों की बैठकमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज भेंट मुलाकात के दौरान शिवरीनारायण में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं के कामों की गुणवत्ता में सुधार किए जाने की जरूरत है।

इस क्षेत्र के कुछ ग्रामों में शिकायत आई है। इसका समाधान होना चाहिए। अंचल के कुछ ग्रामों में डूबान क्षेत्रों के किसानों को मुआवजा राशि अभी तक नहीं मिल सकी है। उन्होंने कलेक्टर को पहल कर किसानों को राशि दिलाने को कहा है। श्री बघेल ने सिंचाई परियोजना के अंतर्गत टेल एरिया के खेतों तक पानी पहुंचाने की ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री बघेल ने कहा की शासकीय भूमि में अतिक्रमण की कार्रवाई ग्रामीणों की सहमति से किया जाए। यथासंभव बल का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। समझने से लोग समझ जायेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शासन की छोटी छोटी अनुदान राशि गरीबों के लिए महत्वपूर्ण है। इसे प्राप्त करने के लिए उन्हें दफ्तर के बार बार चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ने चाहिए। इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि शासन द्वारा की गई घोषणाएं प्राथमिकता से और समय सीमा में पूर्ण करें। इसे लागू करने एवं अमल में लाने में विलंब नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि धान कटाई का मौसम शुरू होने वाला है। बड़ी मात्रा में पैरा खेत में रहेगा। इसे गौठान को दान करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। इस संबंध में जनजागरुकता के कार्यक्रम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रशासन को अब स्वावलंबी गौठान के अलावा नए गौठानों पर भी ध्यान देना चाहिए।

श्री बघेल ने कहा कि यहां से बड़ी संख्या में लोग बाहर काम के लिए जाते हैं। यदि गौठान और रीपा गतिविधियां अच्छी तरह से संचालित होगीं, तो पलायन थमेगा, उन्हें अपने घर के आसपास ही काम मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवरीनारायण राज्य का प्रमुख धार्मिक व ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है। यहां आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए सरकार पर्याप्त सुविधाएं विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण के साथ साथ शहरी इलाकों की सड़कों की मरम्मत के लिए अभियान चलाने को कहा है। उन्होंने अवैध शराब, जुआ सट्टा, नशीली दवाइयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री बघेल ने बैठक में स्कूल शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। न केवल शिक्षा विभाग बल्कि अन्य अफसर भी दौरे में स्कूलों का निरीक्षण करें। स्वामी आत्मानन्द स्कूलों के साथ अन्य स्कूलों की गुणवत्ता पर समान रूप से ध्यान देना है।

कमिश्नर डॉ संजय अलंग, आईजी रतनलाल डांगी, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, प्रभारी सचिव धनंजय देवांगन, कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा, एसपी विजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ फरिहा आलम सिद्धिकी सहित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सांगली में रिलायंस फाउंडेशन और पशुधन विकास विभाग संयुक्त तत्वधान से निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन 18/10/2022 मंगलवार किया गया।

जिसमे पशु विकास विभाग अरमरीकला के विकास देवांगन् के निर्देशानुसर द्वारा डॉक्टरो की टीम द्वारा पशुओ का जैसे गाय, भैस, बकरी आदि का टिकाकरण, खुरपका मुहपका, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण किया गया साथ ही किन्नी पेस्वा के लिए गोठान मे दवाई का स्प्रे किया गया जिसमे अशोक कुरवेटि , तेजराम साहू, क्रांति कुमार के द्वारा पशुओ के दूध बढ़ाने के विषय मे चारा जैसे बरसिम, नेपियर, मक्का आदि चारे खिलाने की अनुसंशा की गई जिस शिविर मे ग्राम सरपंच श्री नम्रता उज्ज्वल सिंग साहू, घनश्याम, तिलक, बलराम पटेल तथा 40 से 50 ग्रामीण भाई लोग सम्मिलित हुए जिसमे 100 से 150 पशुओ की जाँच और उपचार किया गया!

जिसमे भूपेंद्र साहू तथा गोविंद साहू द्वारा किसानो को संचार माध्यम के द्वारा विभागीय योजनाओं से जुड़ने की और रिलायंस फाउंडेशन के निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1800-419-8800 के बारे में बताया।

### सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण दवा बनी वरदान

# रिसाली के धन्वंतरी मेडिकल दवा दुकान तक पहुंचे 95 हजार लोग, बना रिकार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। मंहगी चिकित्सा को छोड़कर शासन की योजना के तहत संचालित धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स लोगों की पहली प्राथमिकता बन चुकी है। रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र में अब तक 95 हजार से अधिक लोगों ने 50 से 70 प्रतिशत छुट का लाभ उठा चुके है। खास बात यह है कि महज एक वर्ष में 66 लाख 54 हजार 5 सौ 2 रूपए की बचत आम नागरिकों ने की है।

रिसाली निगम क्षेत्र में शासन की योजना के तहत बीएसी मार्केट के सामने और रिसाली बस्ती में धन्वंतरी दवा दुकान संचालित की जा रही है। एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन गुरूवार को धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स




का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए दवाईयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि एक वर्ष में निगम क्षेत्र के दोनों मेडिकल स्टोर्स में कुल 95 हजार 5 सौ 23 लोगों ने दवा खरीदी।

साथ ही ब्रांडेड दवा की जगह शासन द्वारा छुट वाली दवा खरीदकर 66 लाख 54 हजार 5 सौ 2 रूपए की बचत की।

### 251 प्रकार की दवा

योजना के तहत जेनेरिक दवा अब 50 से 70 प्रतिशत की छुट दी जा रही है। दवा दुकान में 251 प्रकार की दवा रखा गया है। इसमें शुगर से लेकर सामान्य बीमारी व गंभीर बीमारी की दवा शामिल है। इसके अलावा धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में आवश्यक जीवन रक्षक दवाई रखी गई है।

### नहीं जाना पड़ेगा दूर

रिसाली निगम क्षेत्र के नागरिकों को वनोऔषधी के लिए लंबी दूरी तय नहीं करना पड़ता। प्रदेश स्तर पर तैयार वनोऔषधी योजना के तहत खुले मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध है। वनोऔषधी 69 प्रकार के अलावा 27 प्रकार के सर्जिकल आइटम लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

### खास है ट्रेव्हल कीट

धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में हर प्रकार से सुविधा दी जा रही है। अगर किसी को टूर पर जाना है और रास्ते में दवा की जरूरत पड़ती है तो वह कीट महज 290 रूपए में उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसे नागरिक सफर करते समय साथ लेकर चल सकते है।

# दिवाली पर्व में मणिकंचन केंद्र की दीदियों द्वारा तैयार कलात्मक और आकर्षक गोबर के दिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

खैरागढ़। नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में मणिकंचन केंद्र की स्वच्छता दीदियों द्वारा तैयार कलात्मक, आकर्षक, रंग बिरंगे गोबर का दिया और वेस्ट सामग्री से तैयार कैंडल से दीपावली में घर जगमगा उठेगा। इसके साथ ही उनके द्वारा तैयार किए गए अगरबत्ती और धूप की खुशबू से घर चारों तरफमहक उठेंगे।



खैरागढ़ के मणिकांचन केंद्र धरमपुरा और टिकरापारा की स्वच्छता दीदियों द्वारा दिवाली के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री का निर्माण किया जा रहा है। जिसके विक्रय के लिए कलेक्टोरेट परिसर और नगर पालिका में स्टाल लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर महिलाओं के आर्थिक विकास और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप जिला प्रशासन द्वारा महिला समूह को कौशल विकास और प्रशिक्षण प्रदान कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है। अब यह महिलाएं दिवाली के लिए वेस्ट सामान से दिवाली में उपयोग होने वाली सामग्री तैयार कर रही हैं। बोतल से कैंडल का निर्माण, अगरबत्ती, धूप और दिया का निर्माण कर रही हैं। कलेक्टर डॉ. जगदीश कुमार सोनकर ने कलेक्टोरेट परिसर में महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल से गोबर का दिया खरीदा। उन्होने सभी अधिकारी और कर्मचारी को भी समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए दिया खरीद कर प्रोत्साहित करने कहा। मणिकंचन केंद्र धरमपुरा की जय श्री ताम्रकार और टिकरापारा की उर्मिला यादव ने बताया कि मणिकांचन केंद्र में 50 महिलाएं काम कर रही है। यहां वेस्ट सामान से लैंप जैसे अन्य सामग्री तैयार किए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दिल्ली से 5 हजार दिया के लिए आर्डर मिले थे।

### त्योहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाई गई कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुलदीप शर्मा ने जिले में 24 अक्टूबर को दीपावली, 25 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा एवं 26 अक्टूबर को भाई-दूज के अवसर पर बालोद जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तहसीलवार कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इसके अंतर्गत बालोद तहसील के लिए तहसीलदार परमेश्वरलाल मण्डावी एवं नायब तहसीलदार सु चांदनी देवांगन, गुरूर तहसील के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी गंगाधर वाहिले एवं तहसीलदार मनोज भारद्वाज, गुण्डरदेही तहसील के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी रश्मि वर्मा एवं प्रभारी तहसीलदार गोविंद राम सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।
























# नशे के कारोबार पर दुर्ग पुलिस सख्त नशीली दवाईयों के साथ तीन गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफमुहिम चलाने एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव के द्वारा नशे के सौदागरों की पतासाजी कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने निर्देशित किया। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव, नगर पुलिस अधीक्षक, (भिलाई नगर) निखिल रखेचा एवं उप पुलिस अधीक्षक (अपराध) नसर सिद्दिकी के मार्गदर्शन में एवं ए.सी.सी.यू प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी भिलाई नगर निरीक्षक राजेश साहू चौकी थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश शर्मा, प्रभारी स्मृति नगर युवराज देशमुख के नेतृत्व में ए.सी.सी.यू एवं थाना भिलाई नगर व चौकी स्मृति नगर की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था।**





टीम द्वारा नशे के कारोबारियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी, विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। जेल से रिहा हुये पूर्व के आदतन नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान एसीसीयू की टीम को विशेष सूत्रों से पता चला की ऋषभ कपूर पिता राजकिशोर कपूर उम्र 33 वर्ष निवासी सेक्टर 07 सड़क नम्बर 37/सी क्वार्टर नम्बर 27/सी थाना भिलाई नगर, विजय यादव पिता सुखनंदन यादव उम्र 30 वर्ष निवासी छठ तालाब के पास इड्रस्टीयल एरिया हाउसिंग बोर्ड एवं कवलजीत सिंह पिता दलवीर सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी खुर्सीपार को नशीली अल्फाजोलाम टेबलेट एवं स्पासमों केप्सूल नशीली दवाईयां अपने पास रखे है एवं उसे बेच रहे है। सूचना मिलने पर टीम द्वारा ऋषभ कपूर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 3750 नग नशीली अल्फाजोलाम टेबलेट, 104 नग स्पासमों केप्सूल को बरामद किया गया।

इसी क्रम में एसीसीयू की टीम को सूचना मिली कि विजय यादव निवासी हाउसिंग बोर्ड एवं कमलजीत सिंह निवासी खुर्सीपार नशीली अल्फाजोलाम टेबलेट को घूम-घूमकर एक चोरी की मोटर सायकल में बेच रहे है। सूचना की तस्दीकी हेतु दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनके पास से 1021 नग नशीली अल्फाजोलाम टेबलेट व चोरी की गयी मोटरसायकल बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही थाना भिलाई नगर एवं चौकी स्मृति नगर से की जा रही है।

## खास खबर

### पति ने पत्नी और सास को उतारा मौत के घाट, बच्ची के साथ थाने पहुंचकर किया सरेंडर

**रायपुर।** पत्नी से मिलने आए एक वकील पति ने तैश में आकर अपनी पत्नी और सास की रॉड से मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार सुबह की है। आरोपी पति अपनी पत्नी से मिलने गया हुआ था। इस दौरान दोनों के बीच बहस हुई और जांच के नाम को लेकर सौरभ की पत्नी मनीषा से कहासुनी हो गई। सौरभ ने आवेश में आकर के सास और पत्नी पर राड से वार कर उनकी हत्या कर दी। मामला रायपुर के डीडी नगर इलाके का है। पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई कर रहे है। आरोपी का नाम सौरभ उपाध्याय है जो पेशे से वकील है। थाने जाकर किया सरेंडरपुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पति सौरभ उपाध्याय अपनी पत्नी मनीषा उपाध्याय से दो साल से अलग रह रहा है। बच्ची पर हक को लेकर दोनों का विवाद कोर्ट में चल रहा है। आज सुबह वकील अपनी सास रमा पांडे के घर आया जहां उसकी पत्नी अपने मां के साथ रह रही थी। घर आने के बाद बच्ची को लेकर जाने लगा तब दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। सास और पत्नी ने जब रोकने की कोशिश की तो सीढ़ी में रखे रॉड से सिर पर वार किया जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद हत्यारे वकील ने अपनी बच्ची को साथ लेकर सीधे थाने में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### सूने घर में चोरीः ताला तोड़ चोर घुसे, जेल से छूटे बदमाशों पर संदेह

**अंबिकापुर (ए)।** भफौली इलाके में एक व्यापारी के सूने घर में चोरी हो गई। भफौली निवासी अविनाश कुमार जायसवाल की घर के पास दुकान है। वे 18 अक्टूबर को परिवार के साथ बाहर गए थे। इसी दौरान रात में ताला तोड़ चोर घुसे और आलमारी तोड़ उसमें रखे दस हजार कैश, चांदी के जेवर और सिक्के चोरी कर भाग गए। लाइट नहीं होने से घर में रोशनी करने कचरा भी जलाया। दूसरे दिन चोरी के बारे में पता चला। उन्होंने गांव के तीन बदमाशों पर संदेह जताया है। तीनों जेल से कुछ दिन पहले ही छूटकर बाहर आए हैं। गांधीनगर इलाके में एक ज्वेलरी दुकान में खरीदारी के बहाने डेढ़ लाख कीमती सोने के जेवर चोरी करने वाली महिला गिरोह का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें महिलाओं के बारे में पता कर रही हैं।

### बाल्टी में गिरा 11 महीने का मासूम, हुई मौत

**कोंडागांव (ए)।** घर में रखी पानी की बाल्टी में गिरने से 11 महीने के बच्चे की मौत हो गई। जामकोटपारा निवासी धनेश्वर देवांगन के घर में शादी के 11 साल बाद बेटा हुआ था। जिसके नामकरण संस्कार को लेकर तैयारियां चल रही थी। हादसे के वक्त बच्चे की मां वंदना देवांगन घर के काम में लगी थी। इधर बच्चा पानी की बाल्टी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## करंट लगाकर 8 जंगली सुअरों को मार डाला

# जंगल में शिकारियों ने शिकार कर काट रहे थे मांस, 6 गिरफ्तार



**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर के जंगल में एक बार फिर करंट लगाकर आठ जंगली सुअरों को मार दिया गया। मामला सामने आने के बाद वन विभाग की टीम ने सुअर और उसके मांस को जब्त किया है। वहीं, जंगल में करंट लगाने वाले छह ग्रामीणों को गिरफ्तार कर वन्य प्राणी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। इस मामले में दो शिकार फरार बताए जा रहे हैं। मामला सीपत थाना क्षेत्र के सीपत वन सर्किल का है।

जानकारी के अनुसार सीपत वन परिक्षेत्र में आए दिन जंगली सुअरों के साथ ही चीतल और तेंदुए का शिकार होता है। इसी सर्किल से लगा हुआ ठरकपुर गांव है, जहां खेतों में फसल लगाए गए हैं। बुधवार की रात ग्रामीणों ने यहां जंगली सुअर मारने के लिए करंट बिछाया था। इस दौरान एक साथ आठ सुअर करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई।

### सुअरों को उठाकर ले गए ग्रामीण और काटने लगे मांस

जंगली सुअरों की करंट से मौत होने के बाद तड़के ग्रामीण वहां पहुंचे और बिजली तार से करंट डिस्कनेक्ट कर सुअरों को उठाकर ले गए। ग्रामीण सुअरों के मांस को काट रहे थे। गांव वालों ने इसकी जानकारी वन विभाग की टीम को दे दी। खबर मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां उन्होंने आधा दर्जन ग्रामीणों को दबोच लिया।

वन विभाग की टीम ने पूछताछ कर जानकारी जुटाई, तब पता चला कि नागेश्वर पटेल के प्लॉट में करंट लगाया गया था। टीम ने उसे पकड़कर पूछताछ की, तब प्लॉट में काम करने वाले इतवार सिंह का नाम सामने आया। पूछताछ में यह भी पता चला कि जंगली सुअरों को इतवार सिंह के साथ ही नारायण सिंह, बाबू लाल पटेल, गैतराम धनवार, लक्ष्मण धनवार व प्लॉट का मालिक नागेश्वर पटेल एक मकान में ले गए और उन्हें काट रहे थे। इस दौरान प्लॉट मालिक नागेश्वर ने बताया कि जंगली सुअर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे, जिसकी सुरक्षा के लिए उसने करंट लगाया था।

### 170 किलो मांस और पांच सुअर बरामद

सभी ग्रामीण सूअरों को काटकर मांस को इकट्ठा कर रहे थे। पकड़े गए ग्रामीणों ने तीन जंगली सुअरों को काटकर 70 किलो मांस निकाल लिए थे। मौके पर पांच मृत जंगली सुअर मिले। उनके पास से टंगिया, चापड़ और करंट लगाने के लिए रखे 100 मीटर जीआई तार भी बरामद किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पकड़े गए ग्रामीणों से पूछताछ में यह भी पता चला कि उनके साथ दो अन्य ग्रामीण भी थे, जिन्हें वन विभाग की टीम के आने की भनक लग गई और दोनों फरार हो गए। टीम ने उनकी जानकारी जुटा ली है और दोनों फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नाव नहीं मिली तो तैरकर पार कर रहा था नदी, डूबने से हुई मौत, 8वें दिन मिला शव

**बलरामपुर (ए)।** नाव नहीं मिलने से तैरकर उफनती नदी पार कर रहे बुजुर्ग की बहकर डूबने से मौत हो गई। विकासखंड के सनावल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बॉलचुरा की कन्हर नदी में एक 67 वर्ष का बुजुर्ग बह गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधन सिंह पिता अभिलाख सिंह उम्र 67 वर्ष ग्राम इंद्रावतीपुर का निवासी है, जो 12 अक्टूबर को अपने पोते के साथ ग्राम बॉलचुरा झारखंड जाने निकला था, लेकिन उसका पोता परवेस सिंह बुजुर्ग को करीब 9 बजे कन्हर नदी तक छोड़कर वहीं अपने नाना का इंतजार करने लगा।

कुछ घंटों बाद जब बुजुर्ग झारखंड से काम खत्म कर लौट रहा था, तभी नाव चलाने वाले ने बुजुर्ग को नदी में पानी ज्यादा होने की बात कहकर पानी कम होने पर नाव ले जाने की बात कहीं। वहीं झारखंड से छत्तीसगढ़ आने वाले कई लोग मौजूद थे, लेकिन बुजुर्ग ने किसी को बिना कुछ बताए ही नदी तैरकर पार करने की नियत से छलांग लगा दी, लेकिन नदी में ज्यादा पानी और तेज बहाव होने के कारण बुजुर्ग पानी में बह गया।

बुजुर्ग को बहता देख नाविक ने भी काफी दूर तक उसका नाव से पीछा किया, लेकिन बुजुर्ग कहीं नहीं मिला। इसके बाद इलाके में बचाव दल लगातार उसकी तलाश कर रही थी। वहीं बुधवार को बुजुर्ग का शव ग्राम धवली में झाड़ियों में फंसा मिला।

बुजुर्ग के नदी में बहने के बाद लापता होने से स्थानीय ग्रामीण और बलरामपुर से आए गोताखोरों की टीम लगातार बुजुर्ग की तलाश कर रही थी, लेकिन पिछले आठ दिनों से उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसके बाद बुधवार को कन्हर नदी से सटे गांव धवली में उसका शव पेड़ की झाड़ियों में फंसा मिला।

इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और बचाव दल की टीम ने शव को निकालकर पंचनामा करवाया और पीएम के लिए भेज दिया है। शव मिलने की सूचना गांव में पहुंचते ही गांव सहित पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

# बस्तर के युवाओं में बढ़ा ऑनलाइन चाकू आर्डर करने का क्रेज

**जगदलपुर (ए)।** राजधानी के बाद अब बस्तर के युवाओं पर फैंसी चाकू रखने का क्रेज बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते अब यहां के युवा भी ऑनलाइन चाकू आर्डर कर रहे हैं। ऐसे ही मामले में बस्तर पुलिस की पैनी नजर थी, जिसके चलते पुलिस ने 18 चाकूओं को बरामद किया है। मामले के बारे में जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम हेमसागर सिदार ने बताया कि पुलिस के द्वारा ऑनलाइन कंपनियों से चर्चा करने के बाद पूछा गया था कि बस्तर में किन लोगों के द्वारा फैंसी चाकू का ऑर्डर दिया गया है। जिस पर कंपनी की ओर से एक लिस्ट जारी किया गया, जिसमें 18 युवकों के नाम की लिस्ट दिया गया, जिसमें सभी 18 वर्ष से लेकर 25 वर्ष तक के युवा शामिल थे। इन लिस्ट को लेने के बाद पुलिस की टीम ने सभी युवकों के घर में जाकर सभी चाकूओं को बरामद कर लिया गया। इसके अलावा जिन युवकों ने इन चाकूओं को मंगवाया था, उन सभी का आपराधिक मामले की भी जांच कराई गई। लेकिन किसी का भी कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं था, शहरी के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के युवकों ने भी फैंसी चाकूओं का ऑडर दिया था।

पुलिस ने सभी ऑनलाईन तरीके से अलग-अलग कंपनियों से मंगाये गये चाकुओं को ऐतिहातन दृष्टिकोण से बरामद कर जप्त कर लिया गया है। इन सभी चाकूओं को बरामद करने में सायबर सेल का अहम योगदान था, सायबर सेल द्वारा लोगों के द्वारा ऑनलाईन कंपनियों के माध्यम से ऑनलाईन तरीके से चाकू मंगाये जाने की सूचनाएं मिल रही थी।

# गोल घेरा बनाकर खेल रहे थे जुआ, पुलिस ने छापा मारकर 11 युवकों को किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** आधी रात को जुआ खेलते हुए लोगों को परेशान करने वाले 11 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 33,990 रुपए भी बरामद किया है। पुलिस ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि बुधवार रात करीबन 11.30 बजे मुखबीर से सूचना मिली कि आदर्श पारा सुपेला के पास कुछ लोग भीड़ लगाकर जुआ खेल रहे हैं। साथ ही शोर-शराबा कर गाली गलौज कर आस-पास के लोगो को परेशान कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमार कार्रवाई करते हुए 11 युवकों को गिरफ्तार किया है।

### तास पत्ती और नगद बरामद

प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेजा ने बताया कि रेड कार्रवाई के दौरान मौके से 52 पत्ती तास और 33,990 रूपए जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 151, 107, 116 ( 3 ) जा.फौ. के तहत कार्रवाई कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय छावनी के न्यायालय पेश किया गया है।

### इन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस ने रजती साहनी पिता दिलीप साहनी उम्र 24 साल, रोशन लाल चौहान पिता राजकुमार उम्र 25 साल, सागर चौहान पिता बिरेन्द्र चौहान उम्र 25 साल, जगदीश मूर्ति पिता श्याम मूर्ति उम्र 24 साल, नरेन्द्र चौहान पिता राजेन्द्र उम्र 22 साल, शेख जुबेर पिता शेख मोहम्मद उम्र 30 साल, प्रदीप तांडी पिता गणपति तांडी उम्र 24 साल, राकेश गायकवाड़ पिता गोपाल उम्र 22 साल, मुकेश चौहान पिता सुरेन्द्र चौहान उम्र 24 साल, हेमंत साहू पिता वासुदेव उम्र 30 साल, रितेश सिंह पिता सिकंदर सिंह उम्र 33 साल को गिरफ्तार किया है।


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)


## छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग बालोद वनमंडल बालोद

बालोद वनमंडल के समस्त आरामिल / आरागड्डा मालिक वनोपज व्यापारी / विनिर्माता आयातकर्ता / भवन निर्माण-ठेकेदार / उपभोक्ता / बढ़ईगिरी के लिये अनुज्ञप्ति की नवीनीकरण / पंजीयन वर्ष 2023 हेतु।

### // आवश्यक सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि छ.ग. काष्ठ चिरान अधिनियम (विनियमन ) 1985 की धारा 06 में निहित 9 प्रावधानानुसार प्रत्येक आरामिल अनुज्ञप्तिधारी को प्रत्येक कलैण्डर वर्ष के लिये नवीनीकरण कराना आवश्यक है। जिस हेतु कलैण्डर वर्ष के नवीनीकरण अवधि समाप्त होने के कम से कम एक माह के पूर्व निर्धारित फार्म मे आवेदन मय बैंकर्स चेक / डिमान्ड्राफ्ट / निर्धारित फीस सहित आवेदन वनमंडल कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा नियम के तहत कार्यवाही की जावेगी। बिना अनुमति के नवीनीकरण के आरामिल संचालन दण्डनीय अपराध है।

अत: कैलेण्डर वर्ष 2023 के लिये आशमिल / आरागड्डा / हैमर / लायेसेंस हेतु नवीनीकरण शुल्क 500/- एवं आवेदन शुल्क 01/- कुल 501/- का बैंक ड्राफट / बैंकर्स चेक एवं व्यापारी / विनिर्माता बढ़ईगिरी एवं उपभोक्ता हेतु 2000/- आवेदन शुल्क 01/- भवन निर्माण ठेकेदार 1500/- आवेदन शुल्क बढ़ई दुकान 500/- आवेदन शुल्क 01/- अन्य व्यापारी 2000/ आवेदन शुल्क 01/- वास्तविक उपभोक्ता 25/- एवं आयात 2500 /- आवेदन शुल्क 01/ बैंक ड्राफट / बैंकर्स चेक लरे कि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का हो वनमंडलाधिकारी बालोद के नाम पदनाम तथा निर्धारित कोर्ट फीस सहित तथा वर्ष 2022 की अनुज्ञप्ति की छाया प्रति दिनांक 01.11. 2022 से 30.11.2022 तक अनिवार्यत: बालोद वनमंडल कार्यालय में कार्यालयीन समय पर जमा करें। ताकि आवेदनों का सत्यापन कर समय पर नवीनीकरण की कार्यवाही की जा सके।

जी-95196/3

अनुज्ञापन अधिकारी एवं वनमंडलाधिकारी
बालोद वनमंडल बालोद


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### विधायक वोरा की पहल पर शहर की सड़कों पर गडढ़े भरने पैचवर्क शुरू

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने दुर्ग शहर के वार्डों में प्रकाश व्यवस्था के लिए 25 लाख रुपए स्वीकृत किये हैं। वोरा ने निगम अधिकरियों से कहा है कि सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बेहतर बनाने का काम तेजी से करें। उन्होंने कहा कि दिवाली के पहले सभी वार्डों में बंद पड़ी लाइट को सुधारा जाए। जहां आवश्यक हो, वहां लाइट बदलने का काम तत्काल किया जाए। वोरा ने कहा कि शहर के वार्डों में स्ट्रीट लाइट बंद रहने की शिकायतें लगातार मिलती रही है। नागरिकों को हो रही परेशानी को देखते हुए उन्होंने विधायक निधि से 25 लाख रुपए मंजूर किये हैं। स्ट्रीट लाइट लगाने का काम तत्काल किया जाए, ताकि वार्डों में प्रकाश व्यवस्था बेहतर हो सके। वोरा ने निगम अधिकारियों से कहा है कि हर वार्ड में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। वोरा ने कहा है कि 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर दी गई है। इस राशि से एलईडी आदि की खरीदी भी हो गई है। अब उनके पास स्ट्रीटलाइट से संबंधित समस्या नहीं आनी चाहिए। वोरा ने कहा कि स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुधारना नगर निगम का काम है। निगम अधिकारी इसमें लापरवाही न करें। सभी वार्डों में पार्षदों की मांग के आधार पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तत्काल सुधारी जाए।

### साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों ने शुरू की अनूठी परंपरा

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई लगातार विभिन्न प्रजातियों के पौधे का रोपण कर रही है। जिसमें फलदार और छायादार वृक्ष प्रमुख हैं।साइंस कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई के स्वयं सेवकों ने सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का संकल्प लिया है। जिसमें एनएसएस विद्यार्थियों ने 1000 पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया है। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान एवं एनएसएस स्वयं सेवक मोरध्वज साहू ने अपना जन्म दिन पौधे लगाकर मनाया। मोरध्वज ने इस अवसर पर रक्त दान भी किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंद लोगों को एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान किया जाता है ।

# कलेक्टर एवं आयुक्त ने खरीदे गोधन निर्मित दीए, स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा दीया निर्माण के कार्य को कलेक्टर ने सराहा

## जमाने से पड़े हुए कंडम वाहनों को हटाने चलाए संयुक्त अभियान, मार्केट क्षेत्रों को व्यवस्थित करने बनेगा वेंडिंग जोन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। प्रमुख मार्केट क्षेत्रों का कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 कार्यालय से निरीक्षण की शुरुआत हुई। कलेक्टर ने पूरे कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा विभागीय कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने लोक सेवा केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया।**



प्रतिदिन आने वाले हितग्राहियों तथा लोगों को प्रदान करने वाली जरूरी सेवाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं को नागरिकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। पावर हाउस बस स्टैंड के समीप गोधन निर्मित दीए विक्रय के लिए रखे गए हैं।

कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने गोधन निर्मित दीया की यहां से खरीदी की और इसके पैसे चुकाए उन्होंने स्व सहायता समूह के द्वारा दीया निर्माण कार्य की सराहना की। कलेक्टर ने पावर हाउस बस स्टैंड में खड़ी हुई कंडम वाहन तथा शहर में इसी प्रकार की वाहनों को यातायात पुलिस से समन्वय करते हुए हटाने की कार्रवाई के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसी स्थल पर खराब एवं बेकार वाहनों को हटाकर वेंडिंग जोन के लिए कार्य योजना बनाने उन्होंने कहा तथा शहर में इस प्रकार के सभी स्थानों पर वेंडिंग जोन की प्लानिंग करने के निर्देश दिए।

जगह-जगह ट्रांसफार्मर एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगे हुए अवैध पोस्टर, पाम्पलेट जिसकी वजह से शहर की सुंदरता खराब होती है इस पर लगातार कार्रवाई करते हुए हटाने के साथ ही जुर्माना की भी कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को मौके पर दिए। पावर हाउस चौक के पास गुमटी के माध्यम से दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों के द्वारा कचरा सामने फैला दिया गया था, जिन्हें मौके पर गंदगी नहीं फैलाने की समझाइश दी गई और डस्टबिन में ही कचरा रखने की हिदायत दी गई।

सड़क किनारे दुकान के बाहर रोड बाधा करते हुए अतिरिक्त रूप से सामान फैलाकर व्यवसाय करने वालों को अपने निर्धारित दायरे में ही विक्रय करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मीणा ने पोल में लगे लाइटों की स्थिति देखी और कुछ स्थानों में पोल में लाइट नही होने के कारण पोल में लाइट लगवाकर प्रकाश व्यवस्था बहाल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग एवं ब्यूटीफिकेशन के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्ययोजना तैयार कर ले। उन्होंने शास्त्री नगर एवं टी मार्केट का सघन निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने मार्केट क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था देखी।

धन्वंतरी योजना के तहत मेडिकल स्टोर भी पहुंचे और दवाइयों के स्टॉक की जानकारी ली। पावर हाउस ओवर ब्रिज के नीचे पार्किंग स्थल तैयार किया गया है, बाजार क्षेत्रों के दुकानदारों के वाहनों को इसी स्थल पर पार्किंग सुनिश्चित कराने उन्होंने कहा ताकि बाजार क्षेत्रों में आवागमन सुगम हो और बाजारों में भीड़ से निजात मिल सके।

कलेक्टर श्री मीणा ने नंदनी रोड में सड़कों के किनारे ठेला लगाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खुर्सीपार जोन के जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त शिवाजीनगर अमिताभ शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

संभागायुक्त कावरे ने साजा अनुविभाग में दी गई दबिश

# कर्मचारियों में मचा हड़कंप, अनुपस्थिति के वेतन काटने का दिया आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** संभागायुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे द्वारा बेमेतरा जिला के अनुविभागीय अधिकारी साजा एवं तहसील कार्यालय साजा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कावरे द्वारा सर्वप्रथम अनुविभागीय अधिकारी साजा के न्यायालय में लंबित प्रकरणों का अवलोकन किया गया, जहां 103 प्रकरण लंबित पाए गए जिनमें सर्वाधिक व्यपवर्तन के 28 प्रकरण लंबित पाया गया जिन पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश संभागायुक्त द्वारा दिए गए, इसी प्रकार न्यायालय तहसील साजा 62 प्रकरण लंबित पाए गए, लंबित प्रकरणों में पटवारियों से तत्काल प्रतिवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए एवं न्यायालय नायब तहसीलदार में 57 प्रकरण लंबित पाए गए, जहां संभागायुक्त दुर्ग संभाग द्वारा प्रकरणों के अवलोकन के दौरान प्रकरण ऑनलाइन दर्ज नहीं पाए जाने से रीडर यशवंत साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कावरे ने पटेली कमिशन के लंबित वितरण पर तहसीलदार को फटकार लगाते हुए 02 दिवस के भीतर संबंधितों को राशि वितरित करने के निर्देश दिए गए। कावरे ने तहसील कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया, जहां उनके द्वारा कार्यालय में संधारित किए जाने वाले पंजीयों जैसे कोटवारी पंजी कैश बुक वर्गीकरण पंजी का अवलोकन किया गया, सर्किल नोट बुक का संधारण नही पाए जाने पर संबंधित लिपिक नरोत्तम सोनकर, कानूनगो की वेतन वृद्धि रोकी गई। संभागायुक्त कावरे द्वारा साजा तहसील के अधिवक्ताओं से न्यायालय प्रकरणों के निराकरण एवं व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई, अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण में संतुष्टता व्यक्त की गई ।

11000 दीपो से रौशन होगा खुर्सीपार... दिखेगा भव्य नजारा

# विधायक देवेंद्र के नेतृत्व में राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा प्रज्वलित किए जाएंगे दीप


श्रीकंचनपथ न्यूज


**भिलाई। खुर्सीपार श्रीराम चौक में 22 अक्टूबर दिन शनिवार की शाम को विधायक देवेंद्र यादव के नेतृत्व में राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा 11,000 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।**




22 को धनतेरस का दिन है इस अवसर पर श्री राम चौक में पूजा, अर्चना कर छत्तीसगढ़ के समस्त रहवासियों के लिए सुख और समृद्धि की कामना की जाएगी। इस दिन श्रीराम चौक में एक अलग नजारा दिखाई देगा। दीपो की जगमग रोशनी से यह पूरा क्षेत्र प्रकाशमय होगा।

विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयास से श्री राम चौक का सौंदर्यीकरण कार्य किया गया है। श्री राम जी की भव्य म्यूरल बनाने के साथ ही आकर्षक लैंडस्कैपिंग की गई है, जिससे श्री राम चौक की सुंदरता में और भी चार चांद लग गया है, यहां पर आने वाले लोगों को एक अलग ही नजारा देखने को मिलता है, प्रवेश स्थल पर ही भिलाई की छटा देखने को मिलती है। श्री राम चौक में श्री राम जी की आराधना के लिए पहले भी दीप प्रज्वलित किए जा चुके हैं और शहर की सुख और समृद्धि की कामना इस दौरान भी की गई थी। इस बार राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा 11,000 दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शनिवार को अंधकार को दूर करते हुए उजियारा फैलाया जाएगा, धर्म और संस्कृति से जोड़ने इसकी व्यापक तैयारियां राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा की जा रही है। इस दामियान सैकड़ों, हजारों लोग इसके गवाही बनेंगे और इस आयोजन में भाग लेंगे।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950